# जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 63177/95 वर्ष:27 अंक: 66 दिनांक: 17-02-2022 गुरूवार मूल्य : 100 पैसा पृष्ठ:4 अहमदाबाद M




नई दिल्ली में बुधवार को गुरु रविदास जयंती के शुभ अवसर पर श्री गुरु रविदास विश्राम धाम मंदिर, करोल बाग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूजा अर्चना की।



यह करिश्माई प्रदर्शन यह साबित करता है कि यदि हमें अपनी काबिलियत पर पूरा भरोसा है और उसे लेकर हमारे भीतर आत्मबल है तो राह में चाहे जितनी मुश्किलें और अवरोध आयें जीत का जज्बा कभी कम नहीं होता।

## वाराणसी में राहुल, प्रियंका ने संत रविदास को दी श्रद्धांजलि,पीएम ने विश्राम धाम मंदिर में दर्शन किये

वाराणसी (ईएमएस)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को रविदास जयंती के मौके पर वाराणसी के सीर गोवर्धन पहुंचकर संत रविदास को श्रद्धांजलि देने के बाद अमृत वाणी सुनी एवं प्रसाद ग्रहण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविदास जयंती के अवसर पर दिल्ली में श्री गुरु रविदास विश्राम धाम मंदिर में श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्रधानमंत्री ने कहा है ठरविदास जयंती के पुण्य अवसर पर आज मैंने दिल्ली के श्री गुरु रविदास विश्राम धाम मंदिर जाकर दर्शन किए। सभी देशवासियों को रविदास जयंती की शुभकामनाएं।ठ ठसंत रविदास जी का यह पवित्र धाम जन-जन के लिए एक प्रेरणास्थल है। मैं सौभाग्यशाली हूं कि एक सांसद के रूप में मुझे यहां के विकास कार्यों को पूरा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। दिल्ली में श्री गुरु रविदास विश्राम धाम मंदिर में अत्यंत विशेष पल।'' राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के बाबतपुर हवाई अड्डे पर पहुंचने पर कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री अजय राय सहित कई कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। राहुल एवं प्रियंका हवाई अड्डे से सड़क मार्ग के जरिए सीर गोवर्धन स्थित संत रविदास मंदिर पहुंचे। मंदिर पहुंच कर दोनों ने संत रविदास की प्रतिमा को नमन किया और उनका आशीर्वाद लिया। दोनों ने वहां अमृत वाणी सुनी। प्रियंका ने वहां सेवा कर रही महिलाओं से भेंट की, जबकि राहुल गांधी ने लंगर में अपनी सेवा दी और प्रसाद बांटा।

इसके बाद प्रियंका और राहुल गांधी ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इसके पहले, प्रियंका गांधी ने संत रविदास के एक दोहे का जिक्र करते हुए ट्वीट किया था कि वह हर साल की तरह आज भी गुरु रविदास की जन्मस्थली पर मत्था टेकेंगी। वाड्रा ने ट्वीट किया उन्हें आज अपने भाई के साथ गुरु रविदास की जन्मस्थली जाने में और भी खुशी हो रही है। इसके बाद, उन्होंने एक वीडियो ट्विटर पर साझा किया, जिसमें वह और राहुल गांधी संत रविदास की जन्मस्थली पर एक कार्यक्रम में शामिल होते दिख रहे हैं। राहुल गांधी ने भी संत रविदास की जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने ट्विटर पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह और प्रियंका गांधी वाड्रा संत रविदास की समाधि पर फूल चढ़ाते दिख रहे हैं। उन्होंने रविदास का दोहा लिखते हुए ट्वीट किया, जाति-जाति में जाति हैं, जो केतन के पात, रैदास मनुष न जुड़ सके जब तक जाति न जात। संत गुरु रविदास को हमारा नमन। इसके पहले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पंजाब के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी ने भी सीर गोवर्धन पहुंचकर संत शिरोमणि को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मन चंगा तभी विकास की गंगा रविदास जयंती पर बोलीं बसपा सुप्रीमो मायावती

नई दिल्ली (ईएमएस)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने संत रविदास जयंती पर महान संत को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि सरकारें उनके आदर्श पर चलेंगी तभी लोगों का भला होगा। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' रविदास के उपदेश का जिक्र करते हुए बसपा सुप्रीमो ने कहा कि सरकारें मन चंगा करके काम करेंगी तभी विकास की गंगा आम लोगों को तृप्त करेगी। मायावती ने ट्वीट किया, ''मन चंगा तो कठौती में गंगा' का इंसानियत भरा आदर्श व अमर संदेश देने वाले महान संतगुरु रविदास जी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित तथा देश व दुनिया में रहने वाले उनके सभी अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, ''सामाजिक परिवर्तन के संतों की परम्परा में जाने-माने संतगुरु रविदास जी जाति-भेद के खिलाफ आजीवन कड़ा संघर्ष करते रहे। ऐसे संतगुरु के उपदेशों के मुताबिक सरकारें अगर मन चंगा करके काम करेंगी तभी लोगों का सही से भला होगा तथा देश में विकास की गंगा आमजन को जरूर तृप्त करेगी। वहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी संत रविदास को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जीवन सदियों तक प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने ट्वीट किया, '' मन चंगा तो कठौती में गंगा... संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

## कुशीनगर में बड़ा हादसा, मांगलिक कार्यक्रम के दौरान कुएं में गिरे 30 लोग- नौ बच्चों समेत 13 की मौत

कुशीनगर । कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के नौरंगिया गांव में बुधवार रात करीब 10 बजे कुएं पर रखा स्लैब टूट कर गिरने से 30 लोग कुएं में गिर गए। हादसे में दो महिलाओं और 11 अन्य जिसमे बच्चे, किशोर-किशोरी, युवक युवती शामिल हैं की मौत गई। घटना के समय सभी लोग एक परिवार में हल्दी की रस्म के उत्सव में चल रहा डांस देख रहे थे। कई थानों की फोर्स रेस्क्यू आपरेशन कर बाहर निकाला।

उक्त थाना क्षेत्र के नौरंगिया के स्कूल टोला निवासी परमेश्वर कुशवाहा के पुत्र की बृहस्पतिवार को शादी है। वैवाहिक रस्म के क्रम में महिलाएं हल्दी की रस्म अदायगी के दौरान गांव में स्थित कुआं पर मटकोड़ करने गई थीं। उनके साथ बच्चे भी गए थे। इसके बाद कुआं पर बने ढक्कन, स्लैब पर खड़ा होकर डांस देखने लगे। इस बीच स्लैब टूटकर कुआं में गिर पड़ा। बच्चे समेत महिलाएं कुआं में गिरकर दब गए। घटना की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। सब लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।

इस बीच पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर सबको बाहर निकाला। इसमें डेढ़ घंटे लग गए और तब तक काफी देर हो चुकी थी। 11 घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। इधर कोटवा सीएचसी में भर्ती दो बच्चों ने भी दम तोड़ दिया। सीएमएस डा एसके वर्मा ने बताया कि पांच से 25 वर्ष के नौ लोगों की और दो महिलाओं की मौत हो गई है। अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। डीएम एस राजलिंगम व एसपी सचिन्द्र पटेल ने बताया कि इस लोमहर्षक घटना से सभी स्तब्ध हैं। जांच कराई जा रही है कि घटना में लापरवाही कहां और कैसे हुई।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद कुशीनगर के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में कुए में गिरने की दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर बचाव व राहत कार्य संचालित करने तथा हादसे में घायल लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

## पंजाब के सीएम चन्नी के बयान पर सियासी उबाल; भाजपा, सपा और बसपा ने प्रियंका गांधी पर निशाना साधा

लखनऊ । पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के एक बयान पर उत्तर प्रदेश की राजनीति में उबाल आ गया है। भाजपा के साथ ही सपा व बसपा ने भी चन्नी के बयान पर कांग्रेस और प्रियंका गांधी वाड्रा पर जमकर निशाना साधा है। दरअसल, चन्नी ने मंगलवार को प्रियंका गांधी वाड्रा की मौजूदगी में पंजाब में कहा था कि, 'एक साथ हो जाओ पंजाबियों, यूपी के, बिहार के, दिल्ली के भइये यहां आकर राज करना चाहते हैं न, उन्हें फटकने नहीं देना है।' चन्नी के इस बयान के बाद प्रियंका गांधी हाथ उठाकर ताली बजाने लगती हैं। यह वीडियो वायरल होते ही सपा, बसपा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया।

बसपा प्रमुख मायावती ने ट्वीट किया... 'पंजाब के कांग्रेसी सीएम ने शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में यूपी व बिहार के लोगों का जिस प्रकार से अपमान किया है वह अति शर्मनाक है। ऐसे में इन दोनों राज्यों के लोग कांग्रेस को पंजाब व यूपी में भी हो रहे विधान सभा आम चुनाव में जरूर सबक सिखाएं। बिहार के लोग भी इसका जरूर उचित संज्ञान लें।' समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने चन्नी के इस बयान को संविधान के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि यह तरीका ठीक नहीं है। देश में कोई कहीं जा सकता है। वोट के लिए इस तरह का जहर बोना पंजाब के सीएम को शोभा नहीं देता है। समाजवादी पार्टी उनके इस बयान की कड़ी निंदा करती है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि यूपी व बिहार के लोगों का मजाक उड़ाने व पंजाब से भगाने की कोशिश करने वालों को विधानसभा चुनाव में जनता सबक सिखाएगी। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर उन्होंने कहा कि कोविड 19 के भीषण दौर में कांग्रेस नेता मुंबई से लोगों को भगा रहे थे। कांग्रेस शुरू से यूपी के लोगों का मजाक उड़ाती रही है। केंद्रीय मंत्री और यूपी चुनाव के सह प्रभारी अनुराग ठाकुर ने ट्वीट करके कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा है कि आखिर किस मुंह से प्रियंका गांधी यूपी की जनता का आशीर्वाद मांग रही हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी यूपी व बिहार के लोगों पर अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं और प्रियंका तालियां बजा रही हैं .... खुशी मना रही हैं। ठीक से पहचानिए, ये वही लोग हैं जो भारत की अखंडता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहे हैं।

पुराने कांग्रेसी बोले अब किस मुंह से वोट मांगेंगी प्रियंका : पुराने कांग्रेसियों ने भी प्रियंका के सामने चन्नी के बयान की निंदा करते हुए कहा कि अब प्रियंका किस मुंह से यूपी में वोट मांगेंगी। कांग्रेस के पूर्व सांसद संतोष सिंह ने कहा कि प्रियंका पंजाब के लिए तो बाहरी ही हैं। चन्नी के बयान पर प्रियंका जिस तरह ताली बजा रही हैं वे यूपी के लोगों का अपमान कर रही हैं। इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके पूर्व मंत्री सत्यदेव त्रिपाठी ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस को यूपी में पूरी तरह विनाश करने में लगी हैं। यह बयान संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। यह यूपी व बिहार का अपमान है। अब प्रियंका को कोई हक नहीं रह गया कि वे यूपी में वोट मांगें। वहीं, राहुल गांधी की टीम में काम कर चुके युवा नेता कोणार्क दीक्षित कहते हैं कि प्रियंका गांधी वाड्रा ने 'सेल्फ गोल' कर लिया है। वे यूपी की इंचार्ज हैं ऐसे में वे प्रदेशवासियों को क्या जवाब देंगी। उन्होंने बैठे-बैठाए भाजपा व अन्य दलों को मुद्दा दे दिया। उनके अंदर जरा भी गंभीरता नहीं है, अगर होती तो इस तरह ताली न बजा रही होतीं।

पंजाब के सीएम का बयान संवैधानिक पद की गरिमा के विपरीत : ओवैसी - यूपी व बिहार के लोगों पर पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा दिए गए विवादित बयान को आल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने संवैधानिक पद की गरिमा के विपरीत बताया है। ओवैसी ने कहा कि चन्नी का पूरा बयान उन्होंने सुना है और यह सरासर गलत है। उन्हें ऐसा कहना शोभा नहीं देता।ओवैसी बुधवार को राजधानी में थे और यहां उन्होंने भागीदारी परिवर्तन मोर्चा के पीस पार्टी के साथ गठबंधन करने की घोषणा की। इस मौके पर पीस पार्टी के अध्यक्ष डा. अयूब भी मौजूद थे। भागीदारी संकल्प मोर्चा में ओवैसी की एआइएमआइएम व पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा के नेतृत्व वाली जन अधिकारी पार्टी सहित कुछ अन्य पार्टियां शामिल है।

## बेटे बप्पा लहरी के आने पर आज होगा बप्पी लहरी का अंतिम संस्कार

मुंबई, (ईएमएस)। अभी तक लोग लता मंगेशकर के निधन से उबरे भी नहीं थे कि बुधवार सुबह बप्पी लहरी के निधन की खबर ने लोगों को एक बार फिर से परेशान कर दिया. दिग्गज संगीतकार ने मुंबई के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली. वह 69 वर्ष के थे. उनके निधन की जानकारी के बाद लहरी परिवार ने एक आधिकारिक बयान जारी किया है, जिसमें परिवार ने बप्पी दा के अंतिम संस्कार के बारे में जानकारी दी है. परिवार के बयान के मुताबिक, बप्पी लहरी का अंतिम संस्कार आज यानी 17 फरवरी को बेटे बप्पा लहरी के अमेरिका से वापस लौटने के बाद किया जाएगा. बप्पी लहरी के निधन के बाद परिवार ने बयान में कहा, 'यह हमारे लिए बेहद दुखद क्षण है. हमारे प्यारे बप्पी दा बीती आधी रात को स्वर्गलोक के लिए प्रस्थान कर गए हैं. कल दोपहर तक बप्पा के लॉस एंजेलिस से आने के बाद बप्पी लहरी का अंतिम संस्कार किया जाएगा. हम उनकी आत्मा के लिए प्यार और आशीर्वाद मांग रहे हैं. हम आपको अपडेट बताते रहेंगे. श्रीमती लाहिरी, श्री गोबिंद बंसल, बप्पा लाहिड़ी, रेमा लाहिरी.'

- पवन हंस श्मशान घाट में होगा अंतिम संस्कार

बप्पी दा के आखिरी समय में उनके बेटे बप्पा लहरी उनके पास नहीं थे. बप्पा पिता से दूर लॉस एंजेलिस में थे. इसलिए अब परिवार उनका वापस आने का इंतजार कर रहा है. उनका अंतिम संस्कार पवन हंस श्मशान घाट में किया जाएगा.

- विरासत में मिला संगीत प्रेम

बप्पी दा में संगीत के लिए जो प्रेम था, वो उन्हें विरासत में मिला था. बप्पी दा के पिता अपरेश लाहिड़ी एक फेमस बंगाली सिंगर थे. बप्पी दा की मां बांसरी लाहिड़ी भी संगीतकार थीं. बप्पी दा ने अपने माता पिता से बचपन में ही संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी. बप्पी लाहिड़ी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे. बप्पी लाहिड़ी ने साल 1977 में चित्रानी से शादी रचाई थी. बप्पी लाहिड़ी के दो बच्चे हैं और दोनों ही संगीत से जुड़े हुए हैं. बप्पी दा की बेटी रीमा लाहिड़ी म्यूजिशियन हैं और उनका बेटा बप्पा लाहिड़ी एक फेमस म्यूजिक डायरेक्टर हैं. बप्पी लाहिड़ी के पोते स्वस्तिक भी सिंगर-रैपर हैं.

## राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा के खिलाफ केस दर्ज

नई दिल्ली (ईएमएस)। हैदराबाद की पुलिस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कथित अपमानजनक कमेंट्स के लिए असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख रेवंथ रेड्डी की शिकायत के बाद हैदराबाद सिटी के जुबली हिल्स पुलिस स्टेशन में आईपीसी के सेक्शन 504 और 505 (2) के तहत यह मामला दर्ज किया गया है। सोमवार को प्रमुख ने राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजक कमेंट के लिए असम के सीएम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। कांग्रेस नेताओं ने बिस्व सरमा के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराते हुए उनकी तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। रेवंथ ने अपनी शिकायत में कहा, 'असम के सीएम की टिप्पणी महिलाओं के लिए अपमानजनक है। चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव अधिकारी आखिर बिस्व सरमा की गिरफ्तारी का आदेश क्यों नहीं दे रहे? बीजेपी को बिस्व सरमा को सीएम पद से हटाना चाहिए लेकिन वह असम के सीएम की टिप्पणी का समर्थन कर रही है प्रमुख ने कहा, 'कुछ लोग कहते हैं कि यह गांधी परिवार का अपमान है लेकिन यह देश की महिलाओं का अपमान है असम के सीएम के खिलाफ हमारी शिकायत पर तुरंत एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए।'

## हादसे में परिवार के पांच सदस्यों समेत छह की मौत

बाराबंकी (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में बुधवार तड़के तेज रफ्तार कार हाइवे पर खड़े कंटेनर में घुस गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पांच लोगों समेत छह की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और दो बच्चे भी हैं। हादसा अयोध्या-लखनऊ हाइवे पर नारायणपुर गांव के पास तड़के करीब तीन बजे हुआ।

पुलिस अधीक्षक पूर्णेन्दु सिंह पुलिस ने बताया कि परिवार सूरत का रहने वाला था। एक शादी में शामिल होने के लिए कार से फैजाबाद आ रहा था। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कार का अगला हिस्सा कंटेनर में घुस गया। इससे मौके पर ही सभी छह लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद तेज आवाज सुनकर नजदीक के ढाबे पर मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद कार को कटर से काटा गया। इसके बाद अंदर से सभी छह लोगों को बाहर निकाला गया। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। टक्कर के बाद कंटेनर का ड्राइवर मौके से भाग गया।

## किसानों पर जीप चढ़ाने वालों की जमानत कराने वालों की जनता जमानत जब्त कराएगी : अखिलेश यादव

वाराणसी (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश चुनाव के तीसरे दौर से पहले वार-पलटवार का दौर तेज हो गया है। कोई पार्टी किसी पर कटाक्ष करने में पीछे नहीं है। बीजेपी और समाजवादी पार्टी के बीच तू-तू-मैं-मैं सबसे ज्यादा देखी जा रही है। बुधवार को समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने यूपी के औरैया में एक जनसभा में बीजेपी पर हमला बोला। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा को जमानत मिलने को लेकर भी अखिलेश ने सत्तारूढ़ पार्टी पर कटाक्ष किया। अखिलेश ने यूपी के औरैया में कहा, किसानों पर जीप चढ़ाने वालों की जमानत कराने वालों की जनता जमानत जब्त कराएगी। अखिलेश यादव ने कहा, जिन्हें कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करना हो वो हमारे साथ ना आएं। हम कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। पहले और दूसरे चरण के मतदान में सपा गठबंधन आगे निकल चुका है। बाकी चरणों में वोट पड़ेंगे तो गर्मी निकालने वालों का धुआं निकल जाएगा। सपा सुप्रीमो ने कहा, अगर प्लास्टिक कारखाने के लिए हमें कोई विशेष सब्सिडी और सहयोग देना पड़ेगा तो वो भी हम बजट से देंगे। ऐसा इंफ्रास्ट्रक्चर बनाएंगे, जिससे पूरे उत्तर प्रदेश और देश में यहीं से प्लास्टिक का सामान जाएगा। खिलेश यादव ने कहा, यह बदहाली को खुशहाली में बदलने का चुनाव है। समय-समय पर युवाओं और किसानों को अपमानित होना पड़ा। इस सरकार में किसी को न्याय नहीं मिला। पिछले 5 साल में किसी को नौकरी मिली हो तो बता दो। 20 फरवरी को 16 जिलों की 59 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। इन 59 सीटों में से 30 यानी आधी सीटें ऐसी हैं जो यादव बहुल आबादी वाली हैं। बीजेपी का फोकस यादव बहुल आबादी वाली सीटों को अपने पाले में करना है। पिछले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के गढ़ में बीजेपी ने कमल खिलाने में कामयाब रही थी। 2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 59 में से 49 सीटों पर कब्जा किया था। समाजवादी पार्टी के हिस्से 8 सीटें आई थीं। जबकि कांग्रेस और बीएसपी को सिर्फ एक-एक सीट ही मिली थी। बीजेपी पिछले चुनाव के इतिहास को दोहराना चाहती है। तीसरे चरण में करहल सीट पर भी वोटिंग होगी। इस सीट पर अखिलेश यादव का मुकाबला बीजेपी के एसपी सिंह बघेल से हैं जो केंद्र में मंत्री रहते हुए इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

## दीप सिद्धू की गाड़ी से मिली शराब की बोतलें अभिनेता की मौत से लेकर कई बड़े खुलासे

सोनीपत (ईएमएस)। पिछले साल गणतंत्र दिवस के दिन दिल्ली के लाल किला के पास हुई हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोपी अभिनेता-कार्यकर्ता दीप सिद्धू की मंगलवार को हरियाणा के सोनीपत जिले में खरखौदा के पास कुंडली-मानेसर-पलवल राजमार्ग पर एक सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं, सोनीपत पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक दीप सिद्धू की गाड़ी से शराब की बोतलें मिली हैं। पुलिस ने बताया कि हादसा खरखौदा टोल के पास रात करीब साढ़े नौ बजे हुआ। पुलिस एक्सप्रेस-वे पर खड़े 22 टायरों के ट्रक के चालक की तलाश कर रही थी। हादसा किस वजह से हुआ इसका अभी पता नहीं चला है। यह भी अभी स्पष्ट नहीं है कि बरामद शराब की बोतल का घटना से कोई संबंध है या नहीं। दुर्घटना स्थल की तस्वीरों में दीप सिद्धू का वाहन चालक पक्ष में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहा है। दीप सिद्धू के साथ एक दोस्त रीना राय भी थीं, जो दुर्घटना में बच गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस उनसे पूछताछ कर रही थी कि हादसा किस वजह से हुआ। पुलिस ने कहा कि रीना राय 13 जनवरी को अमेरिका से भारत आई थीं। वे हरियाणा के गुरुग्राम में ओबेरॉय होटल में ठहरे थे। वे मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे गुरुग्राम से निकले थे। उन्होंने बादली टोल प्लाजा से केएमपी एक्सप्रेसवे मार्ग लिया। सोनीपत के एसपी राहुल शर्मा ने कहा, 'हम फिर से दुर्घटनास्थल की जांच कर रहे हैं। हमें दीप सिद्धू की कार से शराब की आधी भरी बोतल भी मिली। मामला लापरवाही से वाहन चलाने का लग रहा है। उन्होंने कहा, ठदुर्घटना में शामिल ट्रक के मालिक और चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।ठ पुलिस ने कहा कि बुधवार सुबह शव परीक्षण के बाद दीप सिद्धू का शव उनके परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया।

## केंद्र ने कोविड-19 की अतिरिक्त पाबंदियों की समीक्षा करने, संशोधन करने या उन्हें हटाने को कहा

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र ने कोविड-19 की अतिरिक्त पाबंदियों की समीक्षा करने, संशोधन करने या उन्हें हटाने को कहा है। सरकार ने मामलों में राष्ट्रव्यापी कमी की सतत प्रवृत्ति का जिक्र करते हुए यह निर्देश दिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में कहा कि भारत में कोविड-19 महामारी 21 जनवरी से सतत रूप से घटने की प्रवृत्ति दिखा रही है अत: राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश कोरोना वायरस संक्रमण के नये मामलों और संक्रमण दर पर विचार करने के बाद अपने-अपने क्षेत्रों में पाबंदियों की समीक्षा कर उचित निर्णय लें।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि शुरुआती महीनों में, अधिक मामले सामने आने के मद्देनजर कुछ राज्यों ने अपनी सीमाओं और हवाईअड्डों पर अतिरिक्त पाबंदियां लगाई थीं।उन्होंने पत्र में कहा कि कोविड-19 जन स्वास्थ्य चुनौती से प्रभावी रूप से निपटने के साथ-साथ यह भी समान रूप से महत्वपूर्ण है कि लोगों का आवागमन और आर्थिक गतिविधियां राज्य स्तर पर लगाई गई अतिरिक्त पाबंदियों के चलते प्रभावित नहीं हों।भूषण ने कहा, ''वर्तमान में, चूंकि पूरे देश में संक्रमण के मामले घटने की प्रवृत्ति प्रदर्शित हो रही है, ऐसे में यदि राज्य/केंद्र शासित प्रदेश अतिरिक्त पाबंदियों की समीक्षा/संशोधन करते हैं या उन्हें हटाते हैं तो यह उपयोगी होगा। ''

## अब बच्चों के लिए सुरक्षा हेलमेट और सुरक्षा बेल्ट का इस्तेमाल अनिवार्य होगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। अब मोटरसाइकिल पर 4 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सुरक्षा हेलमेट और सुरक्षा बेल्ट (हार्नेस) का इस्तेमाल अनिवार्य होगा। सड़क परिवहन मंत्रालय ने बुधवार को 4 साल से कम उम्र के बच्चों को ले जाने के संबंध में नए नियमों को अधिसूचित किया है।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि नए नियमों के अनुसार, चार साल तक के बच्चे को पीछे की सीट पर ले जाने के लिए मोटरसाइकिल की गति 40 किमी प्रति घंटे से अधिक नहीं होगी। ये नियम, केंद्रीय मोटर वाहन (द्वितीय संशोधन) नियम 2022 के प्रकाशन की तारीख से एक साल के बाद लागू होंगे।

मंत्रालय ने कहा कि चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सुरक्षा बेल्ट या हार्नेस का इस्तेमाल उन्हें मोटरसाइकिल के चालक के साथ 'जोड़ने' के लिए किया जाएगा।

मंत्रालय ने एक अन्य बयान में कहा कि खतरनाक या जोखिमपूर्ण सामान की ढुलाई करने वाली प्रत्येक गाड़ी को वाहन निगरानी प्रणाली उपकरण से लैस किया जाएगा। इस संबंध में हितधारकों से 30 दिन के अंदर सुझाव मांगे गए हैं।

## केजरीवाल जी को आकलन बंद कर देना चाहिए: सीएम चरणजीत चन्नी

नई दिल्ली (ईएमएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पंजाब में अपनी पार्टी आप की जीत के दावों पर तीखा जवाब दिया है। केजरीवाल द्वारा गलत भविष्यवाणियों की एक श्रृंखला का हवाला देते हुए चन्नी ने ट्वीट किया, ठमेरा राजनीतिक आकलन- अरविंद केजरीवाल जी को राजनीतिक आकलन करना बंद कर देना चाहिए।ठ चन्नी का यह आकलन केजरीवाल के उस ट्वीट के बाद आया है, जिसमें केजरीवाल ने भविष्यवाणी की थी कि चरणजीत सिंह चन्नी दोनों सीटों (भदौर और चमकौर साहिब) से हारने जा रहे हैं। केजरीवाल ने अपने ट्वीट में कहा था, 'मैं अभी धुरी में था। चन्नी साहिब, भगवंत (मान) धुरी में कम से कम 51,000 वोटों से जीत रहे हैं और आप दोनों सीटें हार रहे हैं।ठ आप के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार भगवंत मान दक्षिण पंजाब के धुरी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले महीने उन्होंने मुख्यमंत्री चन्नी को वहां से सीधे चुनाव लड़ने की चुनौती दी थी। इस पर चन्नी ने कोई जवाब नहीं दिया था लेकिन आज उन्होंने आप प्रमुख को ट्वीट कर फटकार लगाई है। चन्नी ने ट्वीट किया है, ठकेजरीवाल जी, कम से कम 51,000 झूठ तो आप बोल ही चुके हैं। 2017 की तरह 10 मार्च को आपकी बातें गलत साबित हो जाएंगी। फिर उन्होंने केजरीवाल की भविष्यवाणियों वाले ट्वीट का एक कोलाज भी पोस्ट किया, जिसमें 2014 में वाराणसी से गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी की हार की उनकी भविष्यवाणी भी शामिल है। केजरीवाल, जिन्होंने उनके खिलाफ चुनाव लड़ा था और भारी हार गए थे, ने चुनाव से कुछ हफ्ते पहले 26 मार्च, 2014 को ट्वीट किया था वाराणसी में 2 दिनों के बाद मेरा राजनीतिक आकलन- मोदी जी वाराणसी हार रहे हैं, इसलिए उन्हें वडोदरा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। चन्नी ने जो कोलाज ट्वीट किया है, उसमें केजरीवाल ने लिखा है कि 2014 में यानी उसी वर्ष लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सात में से छह सीटें आप जीतेगी। इसके अलावा केजरीवाल ने 2017 में यह भी आकलन किया था कि अमरिंदर सिंह पंजाब चुनावों में दोनों सीट हार जाएंगे।चन्नी ने अपने कोलाज में केजरीवाल के 2019 का ट्वीट भी शामिल किया है, जिसमें आप नेता ने दिल्ली की सात संसदीय सीटों में से पांच आप को मिलने की भविष्यवाणी की थी। बहरहाल, केजरीवाल की आप इस सप्ताह होने वाले विधान सभा चुनावों में पंजाब की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि चन्नी जिन सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, उन पर उनकी पार्टी ने टेलीपोल किया है। उन्होंने कहा था, ''हमने तीन बार सर्वे किया है, चन्नी साहब दोनों सीटों से हार रहे हैं। 2017 के चुनाव में आप ने 20 सीटें जीती थीं, जो कांग्रेस के बाद दूसरे स्थान पर रही। कांग्रेस ने राज्य की 117 सीटों में से 77 सीटें जीती थीं। चुनाव 20 फरवरी को होंगे और मतगणना 10 मार्च को होगी।

## राहुल गांधी मुझे आतंकवादी कहते हैं 20 तारीख को पता चल जाएगा : अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली (ईएमएस)। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गाँधी उन्हें आतंकवादी कहते हैं, लेकिन 20 फरवरी को उन्हें पता चल जाएगा। पंजाब में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार भगवंत मान के साथ एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेन्स में मोहाली में उन्होंने राहुल गांधी पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस नेता अब की भाषा बोल रहे हैं उनके साथ भगवंत मान ने कहा कि राहुल गांधी ने बहुत ही खतरनाक बयान दिया कि अगर पंजाब में कांग्रेस की सरकार ना बनी तो पंजाब में आग लग जाएगी। केजरीवाल ने कहा, ठकांग्रेस ने 5 साल में पंजाब का माहौल खराब कर दिया है, हम आपको आश्वासन देते हैं, आप की सरकार शांति और भाईचारा कायम करेगी प्रेस कॉन्फ्रेन्स से पहले दोनों नेताओं की मौजूदगी में अमृतसर के सिटिंग मेयर ने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की है। इसका जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा कि अमृतसर को वर्ल्ड आइकॉन सिटी बनाने पर काम करेंगे। ठ

## टी-20 : भारत ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया

कोलकाता (ईएमएस)।भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले गए पहले टी-20 मैच में भारत ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। वेस्टइंडीज द्वारा दिये गये 158 रन के लक्ष्य को भारत ने 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर 164 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

भारत की ओर से कप्तान रोहित शर्मा ने 19 गेंद में 03 छक्के और 4 चौके की सहायता से 40 रन बनाये। वहीं ईशान किशान ने 42 गेंदों में 4 चौकों की सहायता से 35 रन बनायें। विराट कोहली ने 17,ऋषभ पंत ने 8, सूर्यकुमार यादव ने 29 (नाबाद) और वेंकटेश अय्यर ने 18 रनों (नाबाद) का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के ओर से रॉस्टन चेज ने दो विकेट, शेल्डन कॉटरेल और कैबियन ऐलन ने 1-1 विकेट लिए।

इससे पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ब्रैंडन किंग को भुवनेश्वर कुमार ने पहले ही ओवर में सूर्यकुमार यादव के हाथों कैच करा दिया।युजवेंद्र चहल ने सातवें ओवर की पांचवीं गेंद पर काइल मेयर्स (31) को पगबाधा आउट किया।

करियर का पहला इंटरनेशनल मैच खेल रहे रवि विश्नोई ने 11वें ओवर में रस्टन चेज को पगबाधा आउट कर भारत को तीसरी कामयाबी दिलाई। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर उन्होंने रोवमन पावेल को भी पवेलियन चलता कर दिया।

दीपक चाहर ने 14वें ओवर में अकील हुसैन का विकेट लिया। निकोलस पूरन 43 गेंदों पर 4 चौके और 5 छक्के की मदद से 61 रन बनाने के बाद हर्षल पटेल का शिकार बने। पूरन ने अपने टी-20 करियर की छठी और भारत के खिलाफ दूसरी फिफ्टी जमाई है। ओडीयन स्मिथ पारी की आखिरी गेंद पर हर्षल पटेल को विकेट दे बैठे। कप्तान रोहित शर्मा ने उनका बेहतरीन कैच लपका।

### कार्टून कोना



## जन हितैषी

# लालू पर शिकंजा

26 साल से कोर्ट में चल रहे देश के बहुचर्चित चारा घोटाले में एक बार फिर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को तगड़ा झटका लगा है। पांचवें और सबसे बड़े मामले डोरंडा केस में भी लालू को सीबीआई की विशेष कोर्ट ने दोषी ठहराया है। उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। लालू प्रसाद यादव पर सजा का एलान अब 21 फरवरी को किया जाएगा। 139.5 करोड़ रुपए की अवैध निकासी केस में सजा का ऐलान बाद में होगा। इस मामले में 36 लोगों को 3-3 साल की सजा सुनाई गई है। हालांकि, लालू प्रसाद यादव पर सजा का एलान अब 21 फरवरी को किया जाएगा। यह मामला डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ रुपए की अवैध निकासी से जुड़ा है। बिहार की राजनीति से दिल्ली की सियासत में अपना दबदबा रखने वाले लालू चारा घोटाले में ऐसे घिरे कि सियासत में अर्श से फर्श पर आ गए। डोरंडा कोषागार घोटाले में कई चौंकाने वाले मामले सामने आए। जिसमें पशुओं को फर्जी रूप से स्कूटर और मोटरसाइकिल पर ढोने की कहानी शामिल है। मामला 1990-92 के बीच का है। अफसरों और नेताओं ने फर्जीवाड़ा की नई कहानी ही लिख दी। फर्जीवाड़ा कर बताया गया कि 400 सांड़ को हरियाणा

और दिल्ली से स्कूटर और मोटरसाइकिल पर रांची तक ढोया गया। यानी घोटाले में जिस गाड़ी नंबर को विभाग ने पशु को लाने के लिए दर्शाया था, वे मोटसाइकिल और स्कूटर के नंबर निकले। सीबीआई ने जांच में पयाा कि कई टन पशुचारा, पीली मकई, बादाम, खल्ली, नमक आदि ढोने के लिए स्कूटर, मोटरसाइकिल और मोपेड का नंबर दिया गया था। सीबीआई ने जांच में कहा था कि ये व्यापक षडयंत्र का मामला है। इसमें राज्य के नेता, कर्मचारी और व्यापारी सब भागीदार थे। इस मामले में बिहार के एक और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. जगन्नाथ मिश्र समेत राज्य के कई मंत्री गिरफ्तार किए गए थे। लालू प्रसाद को अब तक करोड़ों रुपये के चारा घोटाले से जुड़े पांच में से चार मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है। चारा घोटाले के चार मामलों- देवगढ़, चाईबासा, रांची के डोरंडा कोषागार और दुमका मामले में लालू प्रसाद को जमानत दे दी गई थी। डोरंडा केस में लालू को सजा ऐसे समय हुई है, जब वे बिहार की राजनीति में सक्रिय भूमिका में आने लगे थे और जातिगत जनगणना के मुद्दे पर नीतीश के साथ तेजस्वी यादव की नजदीकी के पीछे भी लालू की भूमिका मानी जा रही थी। लालू यादव अगर फिर से जेल जाते हैं तो यह राजद के लिए बड़े झटके जैसा होगा। बिहार की राजनीति में भाजपा और जदयू को कहने का मौका मिल जाएगा कि राजद सिर्फ कमाई के लिए सत्ता चाहती है। यह किसी से छिपा नहीं है कि बिहार की राजनीति में लालू का क्या प्रभाव है। वे नीतीश के साथ सरकार बनाकर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं। एक बार फिर वे इसी

राह पर आगे बढ़ रहे थे। अब 21 फरवरी को तय होगा कि लालू यादव बिहार की राजनीति में वापसी कर पाएंगे या नहीं। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का बिहार में राजनीतिक प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता है। बदले हालात में लालू के प्रतिद्वंद्वियों की नजर उनके सामाजिक आधार व परांपरागत वोटरों में पैठ बनाने की है। हालांकि राजद को भरोसा है कि लालू के प्रति

सहानुभूति से पार्टी को जरूर फायदा पहुंचेगा। लालू के प्रभाव का इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाजपा एवं जदयू को लग रहा है कि चारा घोटाले में सजा के बाद यादव वोटर उनके तरफ खिसक आएंगे। बिहार की करीब साढ़े दस करोड़ की जनसंख्या में 11 फीसद यादव मतदाता हैं। यह लालू यादव के प्रति न सिर्फ वफादार समझे जाते हैं, बल्कि अगड़ी जातियों के राजनीतिक प्रभुत्व के सापेक्ष में दो दशक से सामाजिक संतुलन के कारक भी हैं।

# यूक्रेन में अभी भी असमंजस

यूक्रेन का माहौल अभी तक कुछ ऐसा बना हुआ है कि वहां क्या होनेवाला है, यह कोई भी निश्चित रुप से नहीं कह सकता। रूसी नेता व्लादिमीर पूतिन ने यह घोषणा तो कर दी है कि वे अपनी कुछ फौजों को यूक्रेन-सीमांत से हटा रहे हैं लेकिन उनकी बात पर कोई विश्वास नहीं कर रहा है। भारत के विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन में पढ़ रहे अपने 20 हजार छात्रों को सलाह दी है कि वे कुछ दिनों के लिए भारत चले आएं। उधर 'नाटो' के महासचिव जेंस स्टोलनबर्ग ने रूसी फौजों की वापसी को अभी एक बयान भर बताया है। उन्होंने कहा है कि वे उनकी वापसी होते हुए देखेंगे, तभी पूतिन के बयान पर भरोसा करेंगे। पहले भी रूसी फौजी वापिस गए हैं लेकिन अभी की तरह वे अपने हथियार वहीं छोड़ जाते हैं ताकि दुबारा सीना ठोकने में उन्हें जरा भी देर न लगे। इसी मौके पर यूक्रेन की सरकार ने दावा किया है कि उनके रक्षा मंत्रालय और दो बैंकों पर कल जो साइबर हमला हुआ है, वह रूसियों ने ही करवाया है। पूतिन की घोषणा पर अमेरिका और कुछ नाटो सदस्यों को अभी भी भरोसा नहीं हो रहा है लेकिन रूसी सरकार के प्रवक्ता ने आधिकारिक घोषणा की है कि रूस का इरादा हमला करने का बिल्कुल नहीं है। वह सिर्फ एक बात चाहता है। वह यह कि यूक्रेन को नाटो में शामिल न किया जाए। यह ऐसा मुद्दा है, जिस पर फ्रांस, जर्मनी, रूस और यूक्रेन ने भी 2015 में एक समझौते के द्वारा सहमति जताई थी। रूसी फौजों के आक्रामक तेवरों से यूरोप में हड़कंप मचा हुआ है। पहले फ्रांस के राष्ट्रपति मेक्रों ने पूतिन से बात की और अब जर्मनी के चांसलर ओलफ शोल्ज खुद पूतिन से मिलने मास्को गए। इसके पहले वे यूक्रेन की राजधानी कीव जाकर राष्ट्रपति व्लोदीमीर झेलेंस्की से भी मिले। वे एक सच्चे मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे थे। इसमें उनका राष्ट्रहित निहित है, क्योंकि युद्ध छिड़ गया तो और कुछ हो या न हो, जर्मनी को रूसी तेल और गैस की सप्लाय बंद हो जाएगी। उसकी अर्थव्यवस्था घुटनों के बल बैठ जाएगी। ऐसा लगता है कि शोल्ज की कोशिशों का असर पूतिन पर हुआ जरुर है। शोल्ज ने पूतिन को आश्वस्त किया होगा कि वे यूक्रेन को नाटो में मिलाने से मना करेंगे। यों भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूतिन से चली अपनी बातचीत में भी कहा था कि नाटो की सदस्य-संख्या बढ़ाने का उनका कोई विचार नहीं है। और अमेरिकी सरकार ने यह भी साफ-साफ कहा था कि वह यूक्रेन में दूरमारक प्रक्षेपास्त्र तैनात नहीं करेगा। लंदन में यूक्रेन के राजदूत ने भी कहा है कि यूक्रेन अब नाटो में शामिल होने के इरादे को छोड़नेवाला है। राष्ट्रपति झेलेंस्की ने भी कहा है नाटो की सदस्यता उनके लिए ''एक सपने की तरह है।'' यूरोप, अमेरिका और रूस तीनों को पता है कि यदि यूक्रेन को लेकर युद्ध छिड़ गया तो वह द्वितीय महायुद्ध से भी अधिक भयंकर हो सकता है। ऐसी स्थिति में अब यह मामला थोड़ा ठंडा पड़ता दिखाई पड़ रहा है लेकिन रूसी संसद ने अभी एक प्रस्ताव पारित करके कहा है कि यूक्रेन के जिन इलाकों में अलगाव की मांग हो रही है, उन्हें रूस अपने साथ मिला ले। लगता है, रूस, कुल मिलाकर जबर्दस्त दबाव की कूटनीति कर रहा है। (लेखक - डॉ. वेदप्रताप वैदिक/ईएमएस) (लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं)

## दैनिक पंचांग

**17 फरवरी 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | कुंभ | 06.18 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मीन | 07.54 बजे से |
| मंगल | धनु में | मेष | 09.25 बजे से |
| बुध | मकर में | वृष | 11.05 बजे से |
| गुरु | कुंभ में | मिथुन | 13.03 बजे से |
| शुक्र | धनु में | कर्क | 15.16 बजे से |
| शनि | मकर में | सिंह | 17.33 बजे से |
| राहु | वृष में | कन्या | 19.44 बजे से |
| केतु | वृश्चिक में | तुला | 21.55 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | वृश्चिक | 00.10 ब.से |
| | | धनु | 02.26 बजे से |
| | | मकर | 04.31 बजे से |

**गुरुवार** 2022 वर्ष का 48 वां दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2078 **शक संवत्** 1943
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** प्रतिपदा 22.41 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 16.11 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 19.46 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 10.37 बजे तदनन्तर कौलव 22.41 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 15.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 12° 04'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871162
**जूलियन दिन** 2459627.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2548
**हिजरी सन्** 1443
**महीना** रज्जब **तारीख** 15
**विशेष** फाल्गुन प्रारंभ(उत्तर), इष्टि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# वादे के आधार पर किसकी होगी नैया पार!

देश में पंजाब, मणिपुर, गोवा, उतराखंड एवं उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधान सभा होने जा रहे है है। जिसके प्रथम चरण का 10 फरवरी को उत्तरप्रदेश राज्य के 11जिलों की 58 विधान सभा सीट से चुनाव शुरु हो गया है जहां 58 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान है। इस चुनाव में आम जनता को अपनी ओर आकर्षित कर सर्वाधिक जनमत पाकर सत्ता तक पहुंचने की होड़ में प्रायः सभी राजनीतिक दल अपने - अपने चुनावी घोशण पत्र में लुभावनी वादे की लम्बी कतार लगा दिये है। इस दिषा में उत्तर प्रदेश चुनाव को अपने पक्ष में करने के लिये भाजपा ने लोक कल्याण संकल्प पत्र के नाम से जारी अपने घोषणा पत्र में जहां 130 वादे का जिक्र किया है वहीं सपा अपने संकल्प पत्र में 22 तों कांग्रेस ने उन्नति विधान पत्र के नाम से जारी घोषणा पत्र में वादे किये है। इस तरह के जारी वादों की कतार में कई वादे एक जैसे लग रहे है। पर इन वादों के आधार पर चुनाव में किसकी नैया होगी पार, किसके सिर होगा ताज यह तो चुनाव उपरान्त 10 मार्च को आने वाले परिणाम में ही पता चल पायेगा।

इन चुनावों में प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा जारी घोषणा पत्र के स्वरूप पर एक नजर डालें जहां भाजपा ने लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में चुनाव उपरान्त आम जनता को मुफ्त 2 एलपीजी सिलेंडर,,स्कूटी, किसानों को मुफ्त बिजली समेत अनेक वादे षामिल है जिसमें प्रमुख रूप से लव जेहाद पर 10 साल की जेल और 1साल का जुर्माना,10 लाख रोजगार और स्वरोजगार के मौके, 2000 नई बसे, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों, विधवा और निराश्रित महिला को 1500रू. का पेंशन, सभी निर्माण श्रमिकों को मुफ्त जीवन बीमा, हर परिवार में कम से कम एक रोजगार या स्वरोगार, 2 करोड़ टैबलेट या स्मार्ट फोन, 6000 डॉक्टर, 10 हजार पैराममडिकल, किसानों को सिचाई के लिये म्फ्तु बिजली, निशादराज बोट सब्सिडी,, कॉलेज जाने वाली हर महिला को मुफ्त स्कूटी, गरीब परिवार के बेटियों के विवाह के लिये 1लाख रू. की आर्थिक मदद, 1 करोड़ महिला को आत्म निर्भर बनाने के लिये 1 लाख का लोन, 60 साल से अधिक उम्र की महिला को मुफ्त यात्रा,, हर मंडल में एक यूनिवर्सिटी बनाये जाने की बात की है तो सपा ने अपने संकल्प पत्र में मलाओं को सरकारी नौकरी में 33 फिसदी आरक्षण, के साथ , 300 यूनिट बिजली फ्री, पुरानी पेंशन बहाली के साथ आईटी सेक्टर में 22 लाख लोंगों को रोजगार, 11लाख खाली पद भरने,,संविदा प्रणाली खत्म करने,अलग से महिला विंग बनाने, 1 करोड़ नौकरी का सृजन, सिचाई के लिये मुफ्त बिजली देने, सभी फसलों को एमएसपी योजना से जोड़ने, किसान आयोग गठित करने, कामधेनु योजना दुबारा षुरू करने बीपीएल परिवार को हर साल दो एलपीजी सिलेंडर मुफ्त, दो पाहिया वाहन मालिकों को हर माह एक लीटर फ्री पेटोल, ऑटो चालकों को 3 लीटर पेटोलत्र 6 लीटर सीएनजी , वृद्ध , महिला व बीपीएल परिवार को हर साल 18000 रू . का पेंशन सहित अनेक वादा किया है। कांग्रेस ने यूपी के लिये अपने घोशणा पत्र में किसानों का पूरा कर्ज 10 दिन के अन्दर माफ करने के साथ बिजली बिल हॉफ , कोरोना काल का बकाया माफ, कोरोना काल के प्रभावित लोगों को 25000 रू. 20 लाख सरकारी नौकरी, 40 फिसदी महिलाओं रोजगार में आरक्षण मघ्यम वर्ग को किफायती आवास ,पत्रकारों के खिलाफ दर्ज मुकादमा खत्म, दिव्यागों के लिये 3000रू. का पेंशन, कोविड योद्धाओं को 50 लाख का मुगावजा, शिक्षको खाली 2 लाख पद भरने पत्र में युवाओं को बेरोजगारी भत्ता, मुफ्त बिजली, गांव क्लीनिक मोहल्ला, किसानों को लोन की माफी, 24 घंटे में फसल का भुगतान, 10 लाख युवाओं को नौकरी, 5000रू बेरोजगारी भत्ता, शहीद परिवारों को एक करोड़ रू. का मुआवजा, किसानों के लिये एमएसपी कानून, महिलाओं के लिये फ्री बस यात्रा, हर साल 10 लाख नौकरिया, पुरानी पेंषन लागू करने सहित अनेक वादें किये है। इसी तरह चुनाव में भाग ले रहे बासपा सहित अन्य राजनीतिक दल भी आम जन को लुभाने के लिये अपने घोषणा पत्र में अनेक वादें कर रखे है पर चुनाव उपरान्त ही पता चल पायेगा कि आम जनता से किये वादें के आधार पर किसकी नैया होगी पार। (लेखक-डॉ. भरत मिश्र प्राची / ईएमएस)

# राजनीति में हो रही है दलबदुओ की बल्ले बल्ले!

विधानसभा चुनाव 14 फरवरी को उत्तराखंड में होने है ,लेकिन यहां अभी तक भी दलबदल का खेल जारी है।कांग्रेस नेत्री बृजरानी ने टिकट न मिलने पर कांग्रेस को अलविदा कह दिया तो भाजपा के भी कई बड़े नेता कांग्रेसी बन गए। नामांकन की आखिरी तारीख से पहले भाजपा को किशोर उपाध्याय के रुप में एक बड़ा चेहरा मिल गया है। किशोर उपाध्याय के भाजपा ज्वाइन करते ही टिहरी के विधायक धन सिंह नेगी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। धन सिंह नेगी ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से मिलकर कांग्रेस की सदस्यता ली और कांग्रेस का टिहरी से टिकट भी प्राप्त कर लिया।टिहरी के इन दोनों नेताओं के दलबदल के बाद साफ हो गया है कि टिहरी में किशोर उपाध्याय और धन सिंह नेगी के बीच फिर से मुकाबला होगा। करीब 40 वर्षों तक कांग्रेस के साथ रहे किशोर उपाध्याय अचानक ही भाजपा में शामिल नहीं हुए। किशोर उपाध्याय सन 2017 के विधानसभा चुनाव से ही कांग्रेस पार्टी में खुद को असहज महसूस कर रहे थे, किशोर उपाध्याय ने बतौर कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया था। किसी समय हरीश रावत के सबसे करीबी रहे किशोर उपाध्याय सन 2017 के चुनाव के बाद से हरीश रावत से दूर हो गए थे। किशोर उपाध्याय ने वनाधिकार आंदोलन के तहत प्रदेश के जल, जंगल, जमीन के लिए लड़ाई लड़नी शुरू की। इसके लिए उन्होंने पार्टी फोरम से बाहर आकर भी दूसरे दलों के नेताओं से संवाद स्थापित किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से भी मिलकर उनसे वनाधिकार को लेकर समर्थन मांगा। इसके बाद वे भाजपा के नेताओं के संपर्क में आए। करीब एक माह से चल रहा लुकाछुपी का खेल आखिर खत्म हो गया और किशोर उपाध्याय ने भाजपा की सदस्यता ले ली। किशोर उपाध्याय के भाजपा ज्वाइन करने से कुछ घंटे पहले ही कांग्रेस ने उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।1 जून 1958 को ग्राम पाली, जाखणीधार, टिहरी गढ़वाल में जन्में किशोर उपाध्याय ने स्नातकोत्तर और पीएचडी की पढ़ाई की है। किशोर उत्तराखंड आंदोलन के समय से ही सक्रिय राजनीति में अहम भूमिका निभा चुके हैं, वे उत्तराखंड संघर्ष समिति के पदाधिकारियों में शामिल रहे। किशोर उपाध्याय गांधी परिवार के सबसे निकटतम नेताओं में शुमार रहे हैं। उत्तराखंड बनने के बाद 2002 में पहली बार टिहरी सीट से विधायक चुने गए और एनडी तिवारी सरकार में औद्योगिक राज्य मंत्री बने। इसके बाद 2007 में वे लगातार दूसरी बार टिहरी से विधायक चुने गए। लेकिन 2012 के विधानसभा चुनाव में टिहरी सीट पर निर्दलीय दिनेश धनै से 377 मामूली मतों से चुनाव हार गए। इसके बाद 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें देहरादून जिले की सहसपुर सीट से चुनाव लड़ाया गया, लेकिन वे भाजपा के सहदेव पुंडीर से हार गए। इस हार पर किशोर ने कहा कि उनके खिलाफ षडयंत्र रचा गया। तब से वे कांग्रेस पार्टी में हाशिए पर चले गए। सन 2014 से सन 2017 तक किशोर उपाध्याय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे। प्रदेश अध्यक्ष रहते किशोर हरीश रावत और प्रीतम सिंह के भी काफी करीबी माने जाते थे। लेकिन दिनेश धनै के कैबिनेट मंत्री बनने के बाद से ही वे पार्टी से नाराज होते गए। इसके बाद सहसपुर से चुनाव हारना उनकी नाराजगी का सबसे बड़ा कारण रहा। किशोर का टिहरी और उत्तरकाशी जिले की सीटों पर अच्छा खासा प्रभाव रहा है। ऐसे में किशोर भाजपा के लिए बड़ा ब्राह्मण चेहरा साबित हो सकते हैं। साथ ही किशोर उपाध्याय टिहरी सीट से भाजपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।दूसरी ओर भाजपा से निष्कासित डॉ हरक सिंह रावत कहते है कि कोरोना का यमराज अगर कहे कि बीजेपी से बात कर लो..तो कहूंगा मौत दे दो।इन्ही हरक सिंह रावत ने पांच साल पहले कांग्रेस की सरकार गिराकर कमल का दामन थामा था। हरक सिंह रावत के आंसुओं से बीजेपी का दिल तो नहीं पसीजा लेकिन कांग्रेस ने जरूर उन्हें गले लगा लिया है।

उत्तराखंड मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए जाने के बाद हरक सिंह रावत कैमरे पर फफक-फफक कर रो पड़े थे, हरक को बीजेपी ने पार्टी से निकाल कर 6 साल के लिए बर्खास्त कर दिया। वे अपने परिवार और अन्य लोगों के लिए पार्टी पर टिकट का दवाब बना रहे थे।दल बदल रोकने को देश में कई बार कानून बने व कई बार कानून बदले गए, लेकिन दल बदलने वाले कभी नहीं रुके। दल बदलने के कारण कई होते हैं जिनमें सबसे ज्यादा दल बदलुओं का कारण परिवार वाद होता है। भाई, भतीजा, बेटा, बहू, पत्नी को टिकट ना मिले तो परिवार के लिए पार्टी, पार्टी के विचार, सबको खतरे में डाल दिया जाता है।उत्तराखंड में बीजेपी के मंत्री हरक सिंह रावत, उत्तर प्रदेश में बीजेपी के मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश में ही बीजेपी संगठन के उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह, पंजाब में मुख्यमंत्री चन्नी के भाई मनोहर सिंह, ये वो चेहरे हैं जो चुनाव आने पर घरवालों के टिकट में ऐसे उलझे कि या तो घर जैसी पार्टियां छोड़ दीं या घर के भीतर कलह मच गई।जिस हरक सिंह रावत के कांग्रेस में रहते हुए छह साल पहले हिल जाने से हरीश रावत की सरकार हिल गई थी वही हरक सिंह रावत अब बीजेपी में मंत्री रहते हुए हिल गए । हरक सिंह को उनकी पार्टी ने छह साल के लिए एक झटके में निष्कासित कर दिया ।

हरक सिंह रावत को लेकर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा, वह अपने परिवार के सदस्यों के लिए टिकट को लेकर पार्टी पर दबाव डाल रहे थे लेकिन हमारी एक अलग नीति है, एक परिवार के केवल एक सदस्य को चुनाव के लिए पार्टी का टिकट दिया जाएगा।

हरक सिंह रावत अब लौटकर उसी कांग्रेस में आ गए हैं जिसके हाथ को छह साल पहले नौ विधायकों के साथ दल बदलकर कमजोर किया था।अब सवाल उठता है कि वो एक बार फिर बीजेपी से कांग्रेस में क्यों गए हैं ?चुनाव नजदीक आने पर दल बदलने की कुप्रथा हमारे देश में लंबे अरसे से चली आ रही है। दल बदल कर सिर्फ नेता, विधायक या सांसद ही नहीं बनते बल्कि दल बदलकर राजनेता प्रधानमंत्री तक बने हैं।

देश में 1957 से 1967 तक की अवधि में करीब 542 बार सांसद-विधायकों ने अपने दल बदले थे।सन 1967 में चौथे आम चुनाव के पहले वर्ष में भारत में 430 बार सासंद-विधायक ने दल बदलने का रिकॉर्ड बनाया।सन

1967 के बाद एक और रिकॉर्ड बना, जिसमें दल बदलुओं के कारण 16 महीने के भीतर 16 राज्यों की सरकारें गिर गईं थी। उसी दौर में हरियाणा के विधायक गयालाल ने 15 दिन में ही तीन बार दल-बदल के हरियाणा की राजनीति में एक नया रिकॉर्ड बनाया था। जिसके बाद कहावत बनी आया राम-गया राम की।सन 1998-99 में गोवा दल-बदल और बदलती सरकारों के कारण सुर्खियों में रहा था, जब 17 महीने में गोवा में पांच मुख्यमंत्री बदल गए थे। वैसे दल बदलना हमेशा सबके लिए फायदे का सौदा नहीं होता। दल बदलने में नेताओं को दिमाग भी लगाना पड़ता है।

दल बदलने वाले कैसे अपने फायदे के लिए जनता का मजाक उड़ाते हैं उसके भी कई सबूत हैं। राजस्थान सरकार में राज्य मंत्री राजेंद्र गूढ़ा ने कहा था कि मैं चुनाव बसपा से जीतता हूं...फिर मैं कांग्रेस में जाकर मंत्री बन जाता हूं...जब कांग्रेस में दरी उठाने का वक्त आता है तो कहता है कि भाई कांग्रेस अब तुम संभालो...फिर दोबारा चुनाव में बहन जी से टिकट ले आया। बसपा से कांग्रेस में आ गया, मंत्री बन गया। मेरे खेल में कोई कमी है क्या।राजस्थान में मंत्री राजेंद्र गूढ़ा दल बदलकर ही हर बार खेल करते आ रहे हैं।उत्तर प्रदेश में सन 2017 में 14.6 प्रतिशत दल बदलने वाले ही चुनाव जीत पाए।सन 2012 में 8.4 फीसदी दल बदलू चुनाव जीत पाए थे। सन 2007 में 14.4 प्रतिशत दल बदलने वालों ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। सन 2002 में भी इतने ही नेता दल बदलने के बावजूद जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे। इसी आधार पर दावा है कि 100 दल बदलने वाले नेताओं में करीब 15 ही चुनाव जीत पाते हैं।उत्तराखंड में इस चुनाव के दौरान जिस कदर दलबदल हुआ और अपने कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर दलबदलुओं को टिकट दिया गया ,उससे दलों की सारी निष्ठा,ईमानदारी और पार्टी के प्रति समर्पण बेमायने हो गए है।जिसने गुर्राया उसे टिकट थमा दिया,जिसने दल बदला उसे गले लगा लिया।यही कारण है कि अब शायद ही कार्यकर्ता अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए जीजान से जुटे,क्योंकि उन्हें पता है कि प्रत्याशी किस किस हथकण्डे को अपनाकर टिकट पाने में कामयाब हुआ है।हरिद्वार जिले में झबरेड़ा सीट पर कांग्रेस का टिकट मांग रहे और पहले दो बार कांग्रेस से चुनाव लड़ चुके राजपाल को जब कांग्रेस ने टिकट नही दिया तो उन्होंने भाजपा के सिटिंग विधायक का पत्ता साफ कर भाजपा से टिकट ले लिया।ज्वालापुर सीट पर तो कांग्रेस ने अपने घोषित प्रत्याशी बरखा रानी का ही टिकट काटकर वाल्मीकि समाज को खुश करने के लिए रवि बहादुर को टिकट दे दिया।लक्सर में देहरादून के डॉ अंतरिक्ष सैनी को और खानपुर से मूलतः उत्तर प्रदेश के सुभाष चौधरी को टिकट देना हैरत में डाल रहा है।बुद्धिजीवी नगर रुड़की से नेताप्रतिपक्ष प्रीतम सिंह अपने चेहते यशपाल राणा को टिकट दिलाने में कामयाब हुए तो रानीपुर सीट पर हरीश रावत ने राजवीर चौहान पर दांव लगाकर सबको चौका दिया।अलबत्ता हरिद्वार ग्रामीण से अनुपमा रावत व हरिद्वार से सतपाल ब्रह्मचारी के टिकट पहले से ही अपेक्षित थे।वही भाजपा द्वारा अपने तीन विधायको के टिकट काटना और बड़ी संख्या में कांग्रेसी मूल के लोगो को टिकट देने से विचारधारा की लड़ाई गौण होकर अवसरवाद तक पहुंच गई है।जो उत्तराखंड के लिए हितकर नही कही जा सकती।कांग्रेस में जिन हरीश रावत के कंधों पर चुनाव वैतरणी पार कराने की जिम्मेदारी है,उन्हें ही अपने टिकट के लिए जूझना पड़ा।रामनगर से टिकट देने के बाद रणजीत रावत के विरोध पर उनका टिकट बदलना कांग्रेस हाई कमान की बड़ी कमजोरी ही कहा जाएगा।इस बार ऐसा लगा जैसे कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भी प्रदेश के नेताओं के हाथों का खिलौना बन गया हो।स्वयं केंद्रीय चुनाव समिति के अध्यक्ष व कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक को अपनी प्रत्याशी चयन सूची को बार बार संशोधित करना पड़ा।जो शुभ संकेत नही है।कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी,पर्यवेक्षको की रिपोर्ट और हाईकमान का विवेक इस बार कही काम नही आया।बस दलबदल होता रहा और प्रत्याशी बदलते रहे।यह स्तिथि कांग्रेस भाजपा दोनो ही पार्टियों में बनी हुई है।विश्वास, निष्ठा को तिलांजलि देकर दलबदल का यह खेल लोकतंत्र के लिए नासूर बनता जा रहा है।जिसपर लगाम लगाने की जरुरत है। (लेखक- डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट / ईएमएस)

## आज का इतिहास 17 फरवरी

1670 शिवाजी ने मुगलों से सिंहगढ़ किला छीन लिया.
1698 औरंगजेब ने जिंजी के किले पर कब्जा किया.
1813 प्रसिया ने फ्रांस के खिलाफ जंग का ऐलान किया.
1852 फ्रांस में प्रेस सेंसर सहित अनेक दमनात्मक कदम उठाए गए.
1915 गांधीजी पहली बार शांति निकेतन गए.
1927 वीर वामनराव जोशी द्वारा लिखित रणदुंदुभी नाटक का मुंबई में प्रयोग हुआ, इसमें दीनानाथ मंगेशकर ने तेजस्विनी की भूमिका अदा की.
1931 लार्ड इरविन ने गांधीजी का स्वागत वायसराय निवास में किया.
1934 पर्वतारोहण के दौरान बेल्जियम नरेश अल्बर्ट प्रथम की मौत हुई.
1945 सोवियत जवाबी कार्रवाई के दबाव में राकेट विशेषज्ञ वर्नर वान ब्राऊन और अन्यों को वी-12 राकेट केंद्र जर्मनी को खाली करना पड़ा.
1972 ब्रिटिश संसद ने यूरोपीय समुदाय में शामिल होने का प्रस्ताव पारित किया.
1979 चीन ने वियतनाम पर हमला किया.
1982 जिम्बाब्वे के प्रधानमंत्री राबर्ट मुगाबे ने सरकार के खिलाफ साजिश के आरोप में जोशुआ एन्कोमी को सरकार से निकाल दिया.
1990 चेकोस्लोवाकिया की कम्युनिस्ट पार्टी ने सोवियत हमले के बाद सत्ता में आने से पूर्व राष्ट्रपति गुस्ताव हसाक पूर्व प्रधानमंत्री लुबीमिर स्ट्रोगल 20 अन्य नेताओं को निष्कासित कर दिया गया.
1997 नवाब शरीफ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने.
2002 लश्कर के आतंकवादियों ने जम्मू के राजौरी जिले के नरला गांव में एक ही परिवार के आठ लोगों की हत्या कर दी.
2004 फूलनदेवी हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त शमशेरसिंह राणा तिहाड़ जेल से फरार.
2007 महिला उत्थान को समर्पित और वयोवृद्ध गांधीवादी श्रीमति अरुणाबेन देसाई का गुजरात में निधन.


## शब्द पहेली - 7200



**बाएँ से दाएँ**
1.भीगा हुआ-2
2.गाने वाला-3
4.दिया, चिराग-2
6.केश-2
7.जिससे ताला खुलता है-2
9.सूरमा -3
12.नख-3
14.तेरह गुणा चार-3
16.एक जैसा तल-4
17.दरवाजे की आवाज-2,2
18.कड़ा, तेज-3
20.आँखों के ऊपर की परत-3
22.साधुवाद देना,वाह-वाह-3
24.पुत्र, एक रंग-2
26.तुम का आदर सूचित शब्द-2
27.पत्र-2
28.आश्चर्य-3
29.तट, किनारा-2

**ऊपर से नीचे**
1.छोटा गीत-3
2.मुँह के दोनों ओर का भाग-2
3.जो पका न हो-2
5.हवा, वायु-3
6.बच्चा, बालक-2
8.वीणा, एक वाद्य-2
10.जितेन्द्र व रेखा की एक फिल्म-2,3
11.मूल्य, दर-2
13.मारकाट-5
14.बच्चा-3
15.नाज, अदा-3
19.पंजाब की एक नदी-2
20.जांच-पड़ताल-3
21.हुनर-2
22.बद्दुआ-2
23.नगर-3
25.बेल, कोमल लम्बा पौधा-2
26.फूलों का प्राकृतिक रस-2

**शब्द पहेली-7199 का हल**



■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## खेल - समाचार

### साई ने ओलंपिक 2024 तथा 2028 की तैयारी के लिए 398 कोच व सहायक कोच नियुक्त किये

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत की कोचिंग-संरचना को मजबूत करने वाले एक बड़े कदम के रूप में, भारतीय खेल प्राधिकरण, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने 21 खेलों के लिए विभिन्न स्तरों पर 398 कोच की नियुक्ति के प्रस्ताव दिए हैं। कुल 398 में से कई पूर्व अंतर्राष्ट्रीय एथलीट और अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं, जिन्होंने विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक जैसी विशिष्ट प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं या स्पर्धा की है। कुल 398 में से 101 कोच पीएसयू और अन्य सरकारी निकायों से प्रतिनियुक्ति पर शामिल हो रहे हैं। यह भर्ती, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा एथलीटों को समग्र (360 डिग्री) सहायता प्रदान करने के प्रयास के तहत की गयी है, क्योंकि वे ओलंपिक 2024, 2028 समेत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे हैं। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, ''मुझे खुशी है कि कई पूर्व एथलीटों ने, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा की है और पदक जीते हैं, इन पदों के लिए आवेदन किया है और वे चयनित भी हुए हैं। उनके (पूर्व अंतर्राष्ट्रीय एथलीट) प्रणाली में शामिल होने का मतलब यह होगा कि खेल में एथलीटों को प्रशिक्षण देने के अलावा, वे उन्हें मानसिक दृढ़ता के लिए प्रशिक्षित करने में सक्षम होंगे, जो विश्व स्तर की प्रतिस्पर्धा में सफलता की कुंजी मानी जाती है।''

### 25 फरवरी को होगा प्रो कबड्डी लीग का खिताबी मुकाबला

बेंगलुरू (ईएमएस)। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का फाइनल मुकाबला 25 फरवरी को होगा। वहीं इससे पहले के दो प्लेऑफ मैच 21 और 23 फरवरी को होंगे। आयोजकों के अनुसार ''प्लेऑफ 21 फरवरी और 23 फरवरी को आयोजित किये जाएंगे। वहीं इसके बाद आठवें सत्र का फाइनल 25 फरवरी को खेला जाएगा।'' साथ ही कहा है कि छह टीमें पीकेएल ट्राफी के लिये आमने-सामने होंगी। लीग के आयुक्त अनुपम गोस्वामी ने कहा, '' कोरोना महामारी के इस दौर में भी बिना किसी बाधा के लीग का आयोजन होना एक बड़ी सफलता है। यह केवल कबड्डी ही नहीं बल्कि संपर्क वाले सभी इंडोर खेलों को बहाल करने की दिशा में एक बढ़ा कदम होगा।''

### भारतीय स्कीयर आरिफ शीतकालीन ओलंपिक से बाहर हुए

बीजिंग (ईएमएस)। शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे भारत के एकमात्र खिलाड़ी अल्पाइन स्कीयर आरिफ खान यहां पुरुषों की स्लैलम स्पर्धा में पहली रेस ही पूरी नहीं कर पाने के कारण स्पर्धा से बाहर हो गये। इसी के साथ ही इन खेलों में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया है। इस स्पर्धा में कुल 88 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिनमें से केवल 52 ही रेस पूरी कर पाये हैं अब यही खिलाड़ी दूसरी रेस में भाग लेंगे।

आरिफ ने हालांकि पहली रेस में अच्छी शुरुआत करते हुए पहले चरण को 14.40 सेकेंड और दूसरे चरण को 34.24 सेकेंड में पूरा किया था पर वह बदकिस्मती से अंतिम चरण को पूरा नहीं कर पाये। वहीं ऑस्ट्रिया के योहान्स स्ट्रोल्ज़ 53.92 सेकेंड के समय निकालकर पहली रेस में ही सबसे तेज स्कीयर रहे। नॉर्वे के हेनरिक क्रिस्टोफ़र्सन भी (53.94 सेकेंड) और सेबेस्टियन फ़ॉस सिलेवाग (53.98 सेकेंड) समय निकालकर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले आरिफ जाइंट स्लैलम स्पर्धा में कुल दो मिनट 47.24 सेकेंड समय निकालकर 45वें स्थान पर रहे थे।

### एमबापे के गोल से पीएसजी जीता

पेरिस (ईएमएस)। पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 के मैच में स्पेनिश क्लब रीयाल मैड्रिड को 1-0 से हरा दिया। स्टार खिलाड़ी काइलन एमबापे ने दूसरे हॉफ के इंजुरी टाइम में शानदार मैदानी गोल कर पीएसजी को यह जीत दिलाई। एमबापे का प्रदर्शन इस सत्र में अब तक शानदार रहा है। इस खिलाड़ी ने इससे पहले भी कई बार अंतिम क्षणों में गोल करके पीएसजी को जीत दिलायी थी। पहले चरण के इस मैच के इंजुरी टाइम के चौथे और अंतिम मिनट में स्थानापन्न नेमार के पास को गोल में बदलने में एमबापे ने कोई गलती नहीं की।

इससे पहले खेल के 61वें मिनट में दानी कार्वाजल के फॉउल के कारण पीएसजी को पेनल्टी मिली थी पर स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी इसे गोल में नहीं बदल पाये। मैड्रिड के खिलाड़ी कूर्टिस ने शानदार बचाव करते हुए मेसी का शॉट रोक दिया था।

### दुबई टेनिस चैंपियनशिप : क्वार्टर फाइनल में पहुंची सानिया और हरडेका

दुबई (ईएमएस)। भारत की सानिया मिर्जा और चेक गणराज्य की उनकी जोड़ीदार लूसी हरडेका महिला युगल में जीत के साथ ही दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। सानिया और हरडेका की जोड़ी ने एक घंटे 55 मिनट तक मुकाबले में चीनी ताइपे की चान हाओ चिंग और नीदरलैंड की डेमी शूर्स को 7-6, 5-7, 11-9 से हराया। सानिया और हरडेका को इस प्रतियोगिता में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है। अब क्वार्टर फाइनल में सानिया और हरडेका का मुकाबला जापान की शुको आओयामा और सर्बिया की एलेक्जेंड्रा क्रुनिच से होगा।

सानिया ने इससे पहले 2013 में अमेरिका की बेथानी माटेक सैंड के साथ मिलकर यहां जीत हासिल की थी। सानिया ने पिछले महीने घोषणा की थी कि साल 2022 सत्र के बाद वह नहीं खेलेंगी। ऐसे में उनका प्रयास यहां जीत हासिल करने का रहेगा क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वह शुरुआत में ही बाहर हो गयीं थीं।

### आईएसएसएफ निशानेबाजी के तीन विश्व कप मुकाबलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी श्रेयसी

जमुई (ईएमएस)। महिला निशानेबाज श्रेयसी सिंह ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईएसएसएफ) के आगामी तीन विश्व कप के लिए भारतीय राष्ट्रीय निशानेबाजी दल में अपना स्थान बनाया है। श्रेयसी को नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के चयन ट्रायल में 343 अंक मिले हैं। सबसे अहम बात यह है कि श्रेयसी जमुई से भाजपा विधायक भी हैं पर राजनीति में आने के बाद भी इस खिलाड़ी ने अपना खेल जारी रखने के साथ ही कई पदक जीते हैं जिसमें राष्ट्रमण्डल खेलों में जीता स्वर्ण पदक भी शामिल है। इस खिलाड़ी ने आईएसएसएफ के विश्वकप के चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल करने के साथ ही आने वाले तीन विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह भी पक्की की है। ये विश्व कप मुकाबले साइप्रस, पेरू और इटली में होंगे।

श्रेयसी की इस सफलता से जिले में भी उत्साह का माहौल है। श्रेयसी बिहार विधानसभा 2020 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ कर विधायक बनी हैं। विधायक बनने के बाद भी उनका खेल प्रभावित नहीं हुआ और गत वर्ष दिसंबर में 64 वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में उसने दो स्वर्ण पदक जीते थे। वहीं इससे पहले ऑनलाइन एशियन चैंपियनशिप में भी रजत अपने नाम किया था।

### आईसीसी ने महिला विश्व कप की पुरस्कार राशि बढ़ाई

दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसी) ने आगामी महिला विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि बढ़ा दी है। अब महिला विश्व कप विजेता टीम को 13 लाख 20 हजार डॉलर (9.93 करोड़ रुपये) की इनामी राशि मिलेगी। यह साल 2017 में इंग्लैंड में हुए विश्व कप की राशि से दोगुनी है। आईसीसी ने इस बात की जानकारी दी है। उसके अनुसार इस टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि में 75 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली आठ टीमों के बीच 35 लाख डॉलर की इनामी राशि बांटी जाएगी, जो पिछले टूर्नामेंट की तुलना में 15 लाख डॉलर अधिक है। अब टूर्नामेंट की उप-विजेता टीम को छह लाख डॉलर की इनामी राशि मिलेगी, जो 2017 में मिली राशि से दो लाख 70,000 हजार डॉलर अधिक है। वहीं सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों टीमों को तीन-तीन लाख डॉलर मिलेंगे जबकि ग्रुप चरण से बाहर होने वाली चार टीमों में से प्रत्येक को 70 हजार डॉलर की राशि मिलेगी, जो पिछले टूर्नामेंट के 30 हजार डॉलर की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा है। ग्रुप चरण में जीत दर्ज करने वाली प्रत्येक टीम को सात लाख डॉलर की राशि में से प्रत्येक जीत के लिए 25 हजार डॉलर मिलेंगे।

न्यूजीलैंड में होने वाले आगामी विश्व कप में कुल 28 ग्रुप मुकाबले होंगे, जो राउंड रॉबिन प्रारूप में खेले जाएंगे. सभी आठ टीमों को एक-दूसरे के खिलाफ एक बार खेलने का मौका मिलेगा।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुंबई (ईएमएस)। मुम्बई शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में यह गिरावट बैंक, धातु और वाहन शेयरों में बिकवाली के साथ ही दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों से आई है। बाजार में दिन भर उतार-चढ़ाव का दौर चला पर अंत में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 145.7 अंक करीब 0.25 फीसदी नीचो आकर 57,996.68 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 30.25 अंक तकरीबन 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ 17,322.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एनटीपीसी, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा गिरे। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 नीचे आए हैं।

वेदांत फैशन के सेलिब्रेशन वियर ब्रांड मान्यवर की निफ्टी पर इश्यू प्राइस की तुलना में 8 फीसदी के प्रीमियम के साथ 931 रुपये पर लिस्टिंग से बाजार में आई निराशा कम हुई। वहीं आईटी कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्सिसेस (टीसीएस) ने टेंडर ऑफर के जरिए 4 करोड़ शेयरों के बायबैक को मंजूरी दे दी है। यह बायबैक ऑफर 4500 रुपये प्रति शेयर के ऑफर प्राइस पर रखा गया है। वहीं जमैटो, पेटीएम और नायका जैसे नए जमाने की अधिकतर बिजनेस कंपनियों के शेयर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर कामकाज कर रहे हैं। कई कंपनियों के शेयरों की कीमत तो उनकी लिस्टिंग प्राइस या उनके आईपीओ इश्यू प्राइस से भी नीचे आ गई है।

# विमान ईंधन के दाम 5.2 प्रतिशत बढ़ोतरी के बाद रिकॉर्ड ऊंचाई पर

नई दिल्ली (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में बुधवार को 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई,इसके बाद देश में एटीएफ के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया हैं। दो महीने से भी कम समय में एटीएफ की कीमतों में यह चौथी बढ़ोतरी है, लेकिन पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार 103वें दिन स्थिर बनी रहीं। माना जा रहा है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के कारण पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की जा रही है। हालांकि, इस बारे में आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने बताया कि दिल्ली में एटीएफ की कीमत 4,481.63 रुपये प्रति किलोलीटर या 5.2 प्रतिशत बढ़कर 90,519.79 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। यह एटीएफ का उच्चतम स्तर है। एटीएफ की कीमत अगस्त, 2008 में 71,028.26 रुपये प्रति किलोलीटर थी, जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 147 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल को छू गई थीं। ब्रेंट क्रूड तेल का भाव मंगलवार को 93.87 डॉलर प्रति बैरल पर था।

# देश का सोयामील निर्यात जनवरी में 65 प्रतिशत घटकर 1.76 लाख टन पर

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश का सोयामील (डीओसी) निर्यात जनवरी में सालाना आधार पर 65 प्रतिशत घटकर 1.76 लाख टन रहा।सॉल्वैंट एक्स्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने इसकी जानकारी दी है। मुख्य रूप से सोयाबीन और रैपसीड मील के निर्यात में गिरावट से डीओसी की बाहर भेजी जाने वाली खेप में कमी आई है। जनवरी, 2021 में भारत का सोयामील निर्यात 5.01 लाख टन रहा था। चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह अप्रैल-जनवरी के दौरान सोयामील निर्यात 35 प्रतिशत घटकर 19.43 लाख टन रह गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 29.69 लाख टन रहा था। सोयामील का इस्तेमाल पॉल्ट्री और अन्य क्षेत्रों में पशुचारे के रूप में होता है।ताजा आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2022 में सोयाबीन एक्सट्रैक्शन का निर्यात भारी गिरावट के साथ 52,771 टन रह गया, जो एक साल पहले समान महीने में 2.83 लाख टन रहा था। इसी तरह जनवरी में रैपसीड एक्सट्रैक्शन का निर्यात घटकर 16,164 टन पर आ गया, जो एक साल पहले समान महीने में 74,240 टन था।

# चीन से आयात 50 फीसदी होने पर जीडीपी में बढ़ोतरी होगी

मुंबई (ईएमएस)। भारत उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का फायदा उठाकर अगर चीन से होने वाले आयात पर अपनी निर्भरता को 50 प्रतिशत तक कम करने में सफल रहता है, तो उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 20 अरब डॉलर बढ़ सकती है। एसबीआई रिसर्च की हाल ही में जारी रिपोर्ट इकोरैप में यह अनुमान जताया गया। इसके मुताबिक चीन के साथ अपने व्यापार घाटे को भारत वर्ष 2020-21 में कम करने में सफल रहा लेकिन भारत के कुल वस्तुओं के आयात में चीन की हिस्सेदारी 16.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2020-21 में चीन से किए गए 65 अरब डॉलर के आयात में करीब 39.5 अरब डॉलर मूल्य जिंसों एवं उत्पादों का रहा था। भारत ने कपड़ा, कृषि उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, फार्मा एवं रसायन क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने के लिए पीएलआई योजनाओं की घोषणा की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर पीएलआई योजनाओं की वजह से हम चीन से होने वाले आयात को 20 प्रतिशत तक भी कम कर पाने में सफल रहते हैं, तो हम अपनी जीडीपी में आठ अरब डॉलर की वृद्धि कर लेंगे। वहीं चीन पर आयात निर्भरता में 50 फीसदी कमी होने पर हमारी जीडीपी में 20 अरब डॉलर की वृद्धि हो जाएगी। चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में भारत ने चीन से 68 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों का आयात किया है।

# आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर 29.8 लाख से भी टीएआर दाखिल की गई

नई दिल्ली (ईएमएस)। आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर 15 फरवरी, 2022 तक 29.8 लाख से भी अधिक प्रमुख टैक्स ऑडिट रिपोर्ट (टीएआर) दाखिल की गई हैं। अंतिम दिन 4.14 लाख से भी अधिक प्रमुख टैक्स ऑडिट रिपोर्ट/फॉर्म दाखिल किए हैं। वित्त वर्ष 2021-22 में 29.8 लाख प्रमुख वैधानिक फॉर्म में से 2.65 लाख से भी अधिक फॉर्म 3सीए-3सीडी और लगभग 24.5 लाख फॉर्म 3सीबी-3सीडी दाखिल किए गए हैं। 15 फरवरी 2022 तक 2.71 लाख से भी अधिक अन्य टैक्स ऑडिट रिपोर्ट (फॉर्म 10बी, 29बी, 29सी, 3सीईबी, 10सीसीबी, 10बीबी) दाखिल की गई हैं। 15 फरवरी 2022 को 34,842 फॉर्म 3सीए-3सीडी (कुल 2,65,153 में से); 3,36,842 फॉर्म 3सीबी-3सीडी (कुल 24,48,950 में से); 18,644 फॉर्म 10बी (कुल 1,50,950 में से); 11,852 फॉर्म 29बी (कुल 74,923 में से); 478 फॉर्म 29सी (कुल 2,820 में से) 10,542 फॉर्म 3सीईबी (कुल 33,345 में से); 873 फॉर्म 10सीसीबी (कुल 4,904 में से); और 570 फॉर्म 10बीबी (कुल 3851 में से) दाखिल किए गए हैं। अंतिम तिथि यानी 15.02.2022 की बढ़ी हुई अंतिम तिथि को इन वैधानिक फॉर्म का 14ž और अंतिम 5 दिनों में यानी 11.02.2022 से लेकर 15.02.2022 तक इन वैधानिक फॉर्म का 30ž दाखिल किया गया।

# ...अब मिस्ड कॉल से आपके घर डिलीवर होगा गैस सिलेंडर

नई दिल्ली (ईएमएस)। अब आप अपना एलपीजी गैस का सिलेंडर मिस्ड कॉल से भी बुक कर सकते हैं। यह सुविधा देश के हर हिस्से के लिए उपलब्ध होगी। मिस्ड कॉल से रिफिल सिलेंडर की बुकिंग की शुरूआत देश में एलपीजी बिजनेस करने वाली सबसे बड़ी कंपनी इंडियन ऑयल ने शुरू की है। यह कंपनी इंडेन ब्रांड नाम से एलपीजी गैस का कारोबार करती है। आईओसी का कहना है कि इंडेन के वैसे ग्राहक, जो अपने घर पर रिफिल चाहते हैं, वे अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से 8454955555 पर मिस्ड कॉल दें। बस, आपका रिफिल सिलेंडर बुक हो जाएगा।

इंडेन से मिली जानकारी के अनुसार मिस्ड कॉल देकर बुकिंग करने पर ग्राहक को ऑनलाइन भुगतान के लिए एक लिंक मिलेगा। इसी के साथ तत्काल बुकिंग के सभी विवरण वाला एक एसएमएस प्राप्त होगा। इसके बाद ग्राहक के पास ऑनलाइन भुगतान करने का विकल्प है। ग्राहक चाहे तो एडवांस पेमेंट कर सकते हैं या फिर सिलेंडर डिलीवरी के समय। ग्राहक के पास एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी के समय या तो नकद भुगतान करने या भुगतान के विभिन्न डिजिटल तरीकों के माध्यम से भुगतान करने का विकल्प होता है। मिस्ड कॉल के माध्यम से रीफिल बुकिंग की सुविधा पूरे देश में सभी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। इंडियन ऑयल के ईडी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के प्रभारी राजकुमार दुबे का कहना है कि यह रिफिल बुकिंग का नया और अभिनव तरीका है। यह सुविधा ग्राहक को बेहतर सेवाएं देने में मदद करेगा, जिससे समय की कमी के कारण बुकिंग में आसानी होगी। उनका कहना है कि ग्राहकों के लिए रिफिल बुकिंग के अन्य सभी तरीके भी उपलब्ध हैं।

# आरबीआई की शर्त से एलआईसी की बढ़ सकती है दिक्कतें

- आईडीबीआई बैंक में और पूंजी निवेश से भी वित्तीय सेहत बिगड़ने की आशंका

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। इसमें निवेशकों को कमाने का एक बड़ा मौका रहेगा। आईपीओ लाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास हाल ही में दाखिल ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस (डीआरएचपी) से एक ऐसी जानकारी सामने आई है, जिसे जानना जरूरी है। मामला एलआईसी की वित्तीय सेहत से जुड़ा है। डीआरएचपी में कहा गया है कि एलआईसी अगर अपनी सहायक इकाई आईडीबीआई बैंक में किसी भी तरह का निवेश करती है तो इससे बीमा कंपनी की वित्तीय सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इसका असर आईपीओ पर भी पड़ेगा। ऐसे में अगर आप एलआईपी के आईपीओ में निवेश करने का इंतजार कर रहे हैं तो उससे पहले इन बातों का ध्यान रखें, नहीं तो बड़ा झटका लग सकता है। बीमा कंपनी ने डीआरएचपी में कहा कि वित्तीय स्थिति और संचालन को देखते हुए हमारा मानना है कि आईडीबीआई बैंक को इस समय और पूंजी जुटाने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन अगर आरबीआई से अप्रूवल मिलने के पांच साल के भीतर यानी नवंबर 2023 से पहले पहले अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता होती है और वह फंड जुटाने में नाकाम रहता है तो हमें उसमें अतिरिक्त धनराशि डालने की आवश्यकता होगी। हालांकि इससे हमारी वित्तीय स्थिति और परिचालन परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। एलआईसी को आईडीबीआई बैंक में अतिरिक्त इक्विटी निवेश के लिए 2 नवंबर 2018 को आरबीआई का अप्रूवल लेटर मिला था। इसमें यह शर्त रखी गई थी कि अप्रूवल के पांच साल के भीतर आईडीबीआई बैंक या एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस में से किसी एक को हाउसिंग फाइनेंस का कारोबार बंद करना होगा। आरबीआई की इस शर्त को पूरा करने पर एलआईसी की वित्तीय सेहत, नतीजों और कैश फ्लो पर बुरा असर पड़ने की आशंका जताई गई है।

एलआईसी ने 23 अक्टूबर 2018 को पॉलिसीधारकों के पैसों का इस्तेमाल करते हुए आईडीबीआई बैंक में 4743 करोड़ रुपए का निवेश किया था। बैंक ने क्वालिफाइड इंस्टीटयूशनल प्लेसमेंट के जरिये 19 दिसंबर 2020 को 1435.1 करोड़ रुपए जुटाए थे। आईडीबीआई बैंक 10 मार्च 2021 से आरबीआई के प्रॉम्प्ट करेक्टिव एक्शन फ्रेमवर्क से बाहर आया था. करीब तीन साल पहले 21 जनवरी 2019 को एलआईसी ने आईडीबीआई बैंक के 82,75,90,885 इक्विटी शेयर खरीदे थे। इसके बाद बैंक में एलआईसी की हिस्सेदारी बढ़कर 51 फीसदी हो गई। इस सौदे के बाद आईडीबीआई बैंक एलआईसी की सब्सिडियरी बन गया था, लेकिन 19 दिसंबर 2020 को क्वालिफाइड इंस्टीटयूशनल प्लेसमेंट में आईडीबीआई बैंक की ओर से अतिरिक्त इक्विटी शेयर जारी किए जाने के बाद से बैंक में एलआईसी की शेयरहोल्डिंग घटकर 49.24 फीसदी रह गई। इससे आईडीबीआई बैंक अब एलआईसी का सहयोगी उपक्रम बन गया है।

# भारत ने श्रीलंका को 40,000 टन ईंधन की आपूर्ति की

कोलंबो (ईएमएस)। भारत ने ऊर्जा संकट से बेहाल श्रीलंका की मदद के लिए 40,000 टन ईंधन की आपूर्ति की। श्रीलंका स्थित भारतीय उच्चायोग ने कहा, भारत, श्रीलंका का एक प्रतिबद्ध साझेदार और सच्चा दोस्त है। उच्चायुक्त गोपाल बागले ने श्रीलंका को 40,000 टन ईंधन की खेप सुपुर्द की।कोलंबो बंदरगाह पर तेल लेकर पहुंचे टैंकर स्वर्ण-पुष्प के स्वागत के लिए बागले के साथ श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री उदय गम्मनपिले भी मौजूद थे। भारत की सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल लिमिटेड (आईओसी) से श्रीलंका ने 40,000 टन पेट्रोल एवं डीजल खरीदने का फैसला किया था। श्रीलंका विदेशी मुद्रा भंडार में आई कमी की वजह से पिछले कुछ समय से गहरे ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है।

श्रीलंकाई वित्तमंत्री बासिल राजपक्षे ने अगले पखवाड़े में भारत की यात्रा पर जाने की घोषणा भी की है। इस दौरान श्रीलंका के लिए भारत की तरफ से आर्थिक राहत पैकेज को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। जनवरी में ही भारत ने श्रीलंका को 90 करोड़ डॉलर का ऋण देने की घोषणा की थी। इस विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल देश में जरूरी सामानों की किल्लत दूर करने के लिए आयात में किया जाना है। इसके अलावा फरवरी की शुरुआत में भी भारत ने श्रीलंका को ईंधन खरीद के लिए 50 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा देने पर सहमति जताई थी।

# श्रीलंकाई मानवाधिकार आयोग ने आतंकवाद विरोधी कानून पीटीए समाप्त करने का आह्वान किया

कोलंबो (ईएमएस)। श्रीलंका के मानवाधिकार आयोग ने उस विवादास्पद आतंकवाद विरोधी कानून को पूरी तरह से खत्म करने का आह्वान किया है, जो पुलिस को बिना किसी मुकदमे के संदिग्धों को गिरफ्तार करने का अधिकार देता है। तमिल और मुस्लिम सियासी दलों ने इस कानून को लेकर आपत्ति जताई थी और वह लंबे समय से इसका विरोध कर रहे हैं। उनके मुताबिक, यह मानवाधिकारों का उल्लंघन करता है। आतंकवाद रोकथाम अधिनियम (पीटीए) को 1979 में बनाया गया था। यदि किसी व्यक्ति पर आतंकवादी गतिविधि में शामिल होने का संदेह है तो यह कानून पुलिस अधिकारियों को उसकी वारंट रहित गिरफ्तारी करने और तलाशी लेने की अनुमति देता है। श्रीलंका के मानवाधिकार आयोग (एचआरसी) की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रोहिणी मारासिंघे ने कहा यह कानून स्पष्ट रूप से उन लोगों के लिए है, जो राजनीतिक-वैचारिक या धार्मिक कारण को आगे बढ़ाने के लिए भय फैलाकर आम नागरिकों को लक्षित करने हिंसा की धमकी देते हैं या उपयोग करते हैं। एचआरसी का यह बयान अल्पसंख्यक तमिल और मुस्लिम समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले राजनीतिक दलों द्वारा विवादास्पद कानून को निरस्त करने के समर्थन में हस्ताक्षर करने का अभियान शुरू करने के एक दिन बाद आया है।

# रूस के लिए खुद को चोट पहुंचाने वाला साबित होगा यूक्रेन पर हमला : बाइडेन

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की आशंका अब भी बनी हुई है। उनका यह बयान तब आया है, जब अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन यूरोप में बढ़ते संकट के बीच क्षेत्र की यात्रा पर रवाना हुए हैं। बाइडन ने कहा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का ऐसा कोई भी कदम खुद को चोट पहुंचाने वाला साबित होगा।

उन्होंने मॉस्को को आगाह किया कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश निर्णायक रूप से प्रतिक्रिया देंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस मुद्दे को हल करने के लिए कूटनीतिक तरीके से बातचीत के लिए अब भी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि रूस के 1,50,000 से अधिक सैनिक अब भी यूक्रेन सीमा पर एकत्रित हैं।

क्रेमलिन ने यूक्रेन पर हमला करने की योजना से बार-बार इनकार किया है, लेकिन मांग की है कि नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) यूक्रेन और अन्य पूर्व सोवियत देशों को अपने सदस्यों के तौर पर शामिल न करें। बाइडन ने मंगलवार को यहां व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा आक्रमण की आशंका अब भी बनी हुई है, इसलिए मैंने कई बार कहा है कि सभी अमेरिकी नागरिकों को सुरक्षित लौटने में देर करने से पहले यूक्रेन छोड़ देना चाहिए। हमने अपना दूतावास अस्थाई रूप से कीव से लीव स्थानांतरित कर दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध की आवश्यकता थी लेकिन अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो यह मर्जी से किया गया युद्ध या बिना वजह का युद्ध होगा। मैं उकसावे के लिए नहीं, बल्कि सच बोलने के लिए ये चीजें कहता हूं क्योंकि जवाबदेही मायने रखती है। अगर रूस आने वाले कुछ दिनों और हफ्तों में हमला करता है तो यूक्रेन के लिए मानवीय क्षति बहुत ज्यादा होगी। उन्होंने कहा अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो पूरा अंतरराष्ट्रीय समुदाय इसकी निंदा करेगा। दुनिया यह नहीं भूलेगी कि रूस ने बिना वजह मौत और बर्बादी चुनी। यूक्रेन पर हमला करना खुद को चोट पहुंचाने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका और हमारे सहयोगी निर्णायक रूप से प्रतिक्रिया देंगे। बाइडन ने कहा कि अमेरिका और नाटो रूस के लिए खतरा नहीं हैं। उन्होंने कहा यूक्रेन रूस को धमका नहीं रहा है। न ही अमेरिका और न ही नाटो के पास यूक्रेन में मिसाइलें हैं। हमारी वहां मिसाइलें तैनात करने की योजना भी नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेन में अमेरिकी सैनिकों को भेजने से भी इनकार किया।

# तालिबान को पलाने वाले पाकिस्तान को अब तालिबान से लग रहा डर

इस्लामाबाद (ईएमएस)। तालिबान को पाकिस्तान ने पाला, लेकिन अब उसी से खतरा महसूस हो रहा है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान से हो रहे हमलों को लेकर चिंतित है। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से उन मास्टरमाइंड्स को जवाबदेह ठहराने का आग्रह किया है जो अपने क्षेत्र में सीमा पार आतंकवादी हमलों का समर्थन करना जारी रखते हैं।

बता दें कि पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान के बलूचिस्तान में कई हमले हुए हैं। पिछले तीन हमलों में पाकिस्तान सेना के 17 सैनिक मारे गए हैं। साथ ही सेना के एक अधिकारी की भी मौत हो गई है। पाकिस्तान इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने इन हमलों के बाद कहा था कि बलूचिस्तान में हमले करने वाले अफगान और भारत में अपने आकाओं के बीच बातचीत कर रहे थे,इस हमने इंटरसेप्ट किया था। पाकिस्तानी प्रतिनिधि उमर सिद्दीकी ने संयुक्त राष्ट्र से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि अफगानिस्तान के क्षेत्र का इस्तेमाल पाकिस्तान पर हमले करने के लिए नहीं किया जाए।

बता दें कि तालिबान द्वारा अगस्त 2021 में कब्जा करने के बाद से पाकिस्तान में हमलों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) पाकिस्तान ने भी हाल के महीनों में कई हमले किए हैं।टीटीपी उन शुरुआती समूह में से था जिसने काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद तालिबान को बधाई दी थी।साथ ही उसने पाकिस्तान में एक इस्लामी कानून और एक मुस्लिम स्टेट को लागू करने की कोशिशों को जारी रखने की कसम खाई थी। टीटीपी आतंकी संगठन अल-कायदा के विचारों के प्रति निष्ठा रखता है। पाकिस्तान सेना सालों से टीटीपी से लड़ रही है।

# करतारपुर साहिब हासिल करने के तीन-तीन मौके थे, पर कांग्रेस की सरकारों ने इसे महत्व नहीं दिया : मोदी

-पठानकोट रैली में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को घेरा

पठानकोट (ईएमएस)। पठानकोट में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने नवां पंजाब के संकल्प के साथ अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने संत रविदास जयंती की लोगों को बधाई दी और कहा उनकी सरकार संत रविदास की बताई राह पर चल रही है। इस दौरान, उन्होंने संत रविदास के एक दोहे का जिक्र भी उन्होंने किया। उन्होंने पठानकोट से जुड़ी अपनी यादों की चर्चा की।

उन्होंने कहा इस धरती ने मां जैसा प्यार व स्नेह दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कांग्रेस व आम आदमी पार्टी पर जमकर हमले किए। उन्होंने कहा काशी विश्वनाथ का भी ये लोग विरोध करते रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर पर सोना चढ़ाने का काम महाराजा रणजीत सिंह ने ही किया था। आस्था से उनको चिढ़ है। इस बार आप को भाजपा को मौका देना है, यह पंजाब ने तय कर लिया है। इस बार पक्का परिवर्तन होगा। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी राम मंदिर का मिलकर विरोध कर रहे हैं। दोनों पार्टियां यहां पंजाब में नूरा कुश्ती कर रही है, लेकिन दोनों एक ही है। एक पार्टी ने पंजाब को नशे में धकेला तो दूसरी पार्टी दिल्ली को शराब का लती बनाने में लगी है। पीएम मोदी ने कहा कि हम मजबूर नहीं मजबूत पंजाब बनाएंगे। पंजाब को खुशहाल बनाएंगे।

पंजाब ने हमेशा देश के विकास के लिए योगदान दिया है। कभी पंजाब की पहचान देश के सबसे खुशहाल राज्य के रूप में होती थी, लेकिन आज स्थिति बदल गई है। युवा पलायन कर रहे हैं, कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। यहां सिर्फ एक ही धंधा चल रहा है खनन में लूट का धंधा। माझा को उद्योगों से दूर रखा गया। उन्होंने कहा खनन माफिया पर कोई करवाई नहीं होती है।

कर्मचारियों को डंडे मारते हैं और खनन माफिया के लोगों को शरण मिलती है। ये लोग अपनी मिट्टी से विश्वासघात कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पंजाब में हमारी सरकार बनी तो मैं डंके की चोट पर कहता हूं कि माफिया पंजाब से गायब हो जाएंगे, जबकि राज्य का नौजवान पंजाब नहीं छोड़ेगा। पंजाब में इस समय सिर्फ केंद्र सरकार का इंजन ही काम कर रहा है। हमने पंजाब में नए हाईवे बनाए दिल्ली कटरा एक्सप्रेस वे पंजाब से होकर गुजर रहा है अगर राज्य सरकार भी हमारी हो तो विकास को और गति मिल जाएगी।

उन्होंने कहा कि मोहाली में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ-साथ एक और एयरपोर्ट पर भी काम किया जा रहा है। एम्स का काम आपकी आंखों के सामने है। हमने किसानों के लिए पंजाब में तीन फूड पार्क बनाए हैं। जितना पैसा केंद्र सरकार ने पंजाब के किसानों की जेब में सीधे भेजा है इससे पहले किसी ने नहीं भेजा। बॉर्डर एरिया के विकास के लिए विशेष अथॉरिटी का गठन होगा हम संकल्प को प्रकल्प में बदलते हैं।

भारत माला प्रोजेक्ट में एक लाख करोड़ रुपए से सड़कें बनेंगी। हम संकल्प को प्रकल्प में बदलते हैं। पंजाब के सपनों को पूरा करने के लिए मौका दीजिए। पंजाब के विकास को मौका दीजिए।

उन्होंने कहा सीमावर्ती इलाकों के स्कूलों में एनसीसी का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। इस बजट में हमने प्रावधान किया है कि वाइब्रेंट विलेज का प्रावधान किया जाए। सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देते हुए सीमा क्षेत्र को मजबूत किया जा रहा है। हम पंजाब को पंजाबियत की नजर से देखते हैं। हमारे लिए पंजाबियत सबसे प्रमुख है जबकि हमारे विरोधी पंजाब को राजनीति के चश्मे से देखते हैं। हम अपने आपको सौभाग्यशाली मानते हैं कि करतारपुर कॉरिडोर के विकास की जिम्मेदारी हमें मिली। सीमा से 6 किलोमीटर दूर हमारे गुरु नानक देव जी की तपोभूमि है, लेकिन कांग्रेस ने आजादी के बाद इस ओर ध्यान नहीं दिया। कांग्रेस ने अगर ध्यान दिया होता तो आज करतारपुर भारत में होता।

करतारपुर साहिब लेने के कई मौके मिले, लेकिन किसी कांग्रेसी नेता का इस ओर ध्यान नहीं गया। आजादी के समय चूक हुई और 1965 में यह चूक फिर दोहराई गई जब भारतीय सेना ने बड़े पाक भूभाग को अपने कब्जे में ले लिया था। तीसरी बार यह गलती 1971 में फिर की गई, जब लड़ाई में 90,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के आगे आत्मसमर्पण कर दिया था। तत्कालीन दिल्ली सरकार की नीयत होती तो उस समय कह देते कि 90000 सैनिक तब छोड़ेंगे जब वह हमारे गुरु नानक देव जी की तपोभूमि हमें वापस मिल जाएगी। करतारपुर साहिब लेने के तीन-तीन मौके गवां दिए गए। केंद्र सरकार के प्रयासों से कारीडोर बनने के बाद जिस स्थान को दूरबीन से देखते थे, वहां आज जाना और मत्था टेकना संभव है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश और पंजाब की धरती पर क्या-क्या कुकृत्य नहीं किए। पठानकोट हमले पर देश एकजुट था लेकिन कांग्रेस पार्टी के नेता क्या कर रहे थे। इन लोगों ने सेना के शौर्य पर सवाल उठाए थे।

उन्होंने कहा कि विकास का जो सिलसिला भाजपा की सरकार में शुरू होता है वह कभी रुकता नहीं है। जहां एक बार भाजपा के पैर जम जाते हैं वहां दिल्ली में बैठकर रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाने वाले परिवार की छुट्टी हो जाती है। वंशवाद का सफाया हो जाता है। तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार की विदाई होती है। नवां पंजाब के लिए मेहनत करने में भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

# उ. कोरिया की परमाणु परीक्षण साइट के निकट महसूस किए गए भूकंप के कई झटके, फिर परीक्षण किए जाने की आशंका

सियोल (ईएमएस)। उत्तर कोरिया की परमाणु परीक्षण साइट के निकट कई भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। यह खबर ऐसे समय में सामने आई हैं जब किम जोंग उन कई साल बाद परमाणु हथियारों का परीक्षण दोबारा शुरू करने के संकेत दे चुके हैं। वैज्ञानिकों ने पिछले हफ्ते के आखिर से उत्तर कोरिया और उसके आसपास के क्षेत्रों में कई भूकंपीय गतिविधियों और भूवैज्ञानिक अस्थिरता को उजागर किया और देश की परमाणु परीक्षण साइट के निकट कई कम तीव्रता वाले भूकंप दर्ज किए हैं।

दक्षिण कोरिया के मौसम विज्ञान प्रशासन ने कम से कम चार भूकंपों का पता लगाया है, जिनमें हालिया भूकंप मंगलवार को दर्ज किया गया। यह उत्तर कोरिया के पूर्वोत्तर क्षेत्र में पुंगये-री परमाणु परीक्षण स्थल से लगभग 35 किमी की दूरी पर था और इसकी तीव्रता 1.5 थी। सोमवार को क्षेत्र में दो 2.3 तीव्रता के भूकंप दर्ज किए। वहीं शुक्रवार को 3.1 तीव्रता के एक भूकंप का पता चला। उत्तर कोरिया के उत्तर पूर्व में स्थित यह परमाणु परीक्षण स्थल देश का इकलौता ज्ञात परीक्षण स्थल है।

इस स्थल पर आखिरी बार सितंबर 2017 में परमाणु हथियारों की टेस्टिंग की गई थी। इस दौरान उत्तर कोरिया ने अपने छठे परमाणु बम का परीक्षण किया था। अधिकारियों का दावा है कि उत्तर कोरिया ने अब तक सबसे खतरनाक बम के रूप में थर्मोन्यूक्लियर हथियार का परीक्षण किया था। इस परीक्षण के बाद कई हफ्तों तक विशेषज्ञों ने परीक्षण स्थल के आसपास भूस्खलन और भूकंप के झटके दर्ज किए थे। झटके इस बात का सबूत थे कि परमाणु परीक्षण आसपास के क्षेत्र को अस्थिर बना रहे हैं, क्योंकि यहां पहले कभी प्राकृतिक भूकंप के झटके महसूस नहीं किए गए।

साउथ कोरिया के विशेषज्ञों ने 2020 में चेतावनी दी थी कि संभवना है कि परमाणु परीक्षण ने साइट के आसपास के क्षेत्र के भूविज्ञान को पूरी तरह से बदल दिया है। अन्य लोगों ने चिंता जताई थी कि अगर साइट एक बार फिर शुरू हो जाती है तो रेडियोधर्मी सामग्री के संभावित रिसाव का खतरा पैदा हो जाएगा। उत्तर कोरिया ने पिछले महीने अमेरिका पर शत्रुता और धमकियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा था कि वह 'अस्थाई रूप से निलंबित उन सभी गतिविधियों' पर फिर से काम शुरू करने पर विचार करेगा, जिन पर उसने ट्रंप प्रशासन के साथ चली कूटनीति के दौरान विराम लगा दिया था।

# नासा मंगल से चट्टानों के नमूने को धरती पर लाने भेजेगी रॉकेट

-खुलेंगे इस ग्रह के कई राज

वॉशिंगटन (ईएमएस)। अंतरिक्ष एजेंसी नासा साल 2028 में मंगल ग्रह की चट्टानों के नमूने को धरती पर लाने के लिए एक रॉकेट भेजेगी। अमेरिकी एजेंसी नासा अपने अंतरिक्ष यान में एक छोटा सा रॉकेट भेजेगी। यह राकेटजो लाल ग्रह से नमूने लेने के बाद उसे धरती की ओर वापस लेकर आएगा। यह यात्रा 4 करोड़ मील लंबी होगी। ऐसा पहली बार होगा जब एक रॉकेट धरती की जगह पर किसी दूसरे ग्रह से लॉन्च किया जाएगा।

यह रॉकेट नासा के पर्सवेरेंस रोवर के लाल ग्रह से इकट्ठा किए हुए नमूनों को वापस लेकर धरती पर आएगा। नासा ने मंगलवार को इस पूरी प्रक्रिया का खुलासा किया और एक वीडियो जारी किया। मंगल ग्रह से नमूनों को वापस लाने का यह पूरा प्रॉजेक्ट नासा और यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने मिलकर तैयार किया है। यूरोपीय एजेंसी एक छोटा सा रोवर बना नहीं रही है जो नमूनों को इकट्ठा करके वापस लाएगा।यह अपनी तरह का रोबोट की पहली यात्रा होगी जिसके तहत नमूनों को धरती पर सुरक्षित तरीके से वापस लाया जाएगा। नासा का यह कदम साल 2030 में इंसान के मंगल ग्रह पर उतरने की दिशा में एक और कदम होगा। नासा ने मंगल पर जाने के लिए मार्स एसेंट वीइकल बनाया है जिसे बनाने में 19 करोड़ 40 लाख डॉलर का खर्च आया है। यह बहुत कम वजनी लॉन्चर मंगल ग्रह की सतह से एक लैंडर से उड़ान भरेगा और इसके बाद मंगल ग्रह की कक्षा में चक्कर लगा रहे स्पेसशिप से वह जुड़ जाएगा। इसके बाद स्पेसशिप धरती की बेहद लंबी यात्रा पर रवाना होगा।

नासा पर्सवेरेंस रोवर इस समय मंगल ग्रह पर मौजूद है और जेजेरो क्रेटर के नमूने इकट्ठा कर रहा है। सभी नमूनों को टाइटेनियम की ट्यूब में जमा किया जा रहा है। आने वाले समय में इन नमूनों को एक नए रोवर में रखा जाएगा जो साल 2028 में वहां उतरेगा और उसका नाम फेच होगा।नासा का मानना है कि अगर इंसान को मंगल ग्रह पर भेजकर उन्हें सुरक्षित वापस लाया जाए तो यह बड़ी उपलब्धि होगी।

# अभी खत्म नहीं होने वाला कोरोना, नए वेरिएंट्स के कारण बना रहेगा संक्रमण का खतरा

वाशिंगटन (ईएमएस)। दुनिया के तमाम देश पिछले 3 सालों से कोरोना महामारी के प्रकोप का सामना कर रहे हैं। हालांकि हाल के दिनों में कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार गिरावट देखी जा रही है, वैज्ञानिकों ने आगाह किया है कि कोरोना संक्रमण के केस घटने से ऐसा नहीं समझ लेना चाहिए कि ओमिक्रॉन कोरोना वायरस का आखिरी वेरिएंट साबित होने वाला है। भविष्य में नए वेरिएंट्स के उभरने का खतरा बरकरार रहेगा। वैज्ञानिकों ने कहा इसलिए कोरोना को खत्म हुआ नहीं मान लेना चाहिए।

ओमिक्रॉन वेरिएंट के हल्के संक्रमणों की वजह से दुनिया भर में कोरोना की नई लहर देखने को मिली है। हालांकि संक्रमण के मामलों में गिरावट के बाद कई देश कोविड-19 प्रतिबंधों को वापस ले रहे हैं। बहुत से लोग यह मानने लगे हैं कि उन्हें कोविड-19 के साथ जीना है और अब यह महामारी दूर हो रही है। लेकिन ऐसा नहीं है। यह संकट तब तक खत्म नहीं होगा जब तक कि वायरस हर जगह खत्म नहीं हो जाता। विकासशील देशों में वैक्सीनेशन की धीमी रफ्तार और हेल्थ केयर सिस्टम से जुड़ी कमियों के कारण कोरोना वायरस का प्रसार अभी जारी रहेगा। पूर्व में विकसित देशों द्वारा वैक्सीन की जमाखोरी भी कोरोना वायरस संक्रमण की बड़ी वजह बना है।

हालांकि इससे पहले दुनिया को ओमिक्रॉन की मौजूदा लहर से पार पाना है। ओमिक्रॉन पिछले वेरिएंट की तुलना में कम गंभीर बीमारी का कारण हो सकता है, लेकिन यह बेहद संक्रामक है। इसके चलते कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामलों में जबरदस्त वृद्धि हुई है। इस बीच, इस बात के प्रमाण सामने आ रहे हैं कि वेरिएंट उतना सहज नहीं हो सकता जितना कि शुरुआती आंकड़ों से पता चलता है। येल स्कूल ऑफ मेडिसिन में महामारी विज्ञान के प्रोफेसर अकिको लवासाकी ने कहा कि, यह वायरस कुछ महीनों में अपना आकार बदलता है। जब हम डेल्टा वेरिएंट के खिलाफ वैक्सीन के बूस्टर शॉट को लेकर संतोष जाहिर कर रहे थे, उसी दौरान ओमिक्रॉन हमारे सामने आ गया। हालांकि कोरोना वैक्सीनेशन से हम इस महामारी से लड़ने में कामयाब रहे, लेकिन ऐसा नहीं है कि यह आखिरी संकट है। ओमीक्रोन जैसे संकट आते रहेंगे।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना वायरस कभी भी पूरी तरह से खत्म नहीं होगा, बल्कि संक्रमण की नई लहरें पैदा करने के लिए नए-नए रूपों में विकसित होता रहेगा। इसके नए-नए म्यूटेशन सामने आते रहेंगे। इसलिए भविष्य में भी कोरोना के मामले बढ़ सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि वायरस के म्यूटेशन और संक्रमण को रोकने के लिए टीकाकरण में तेजी लानी होगी।

# मस्जिदों में लाउडस्पीकर के उपयोग के खिलाफ गुजरात हाईकोर्ट में जनहित याचिका

अहमदाबाद (ईएमएस)। गुजरात हाईकोर्ट में लाउडस्पीकर के उपयोग के खिलाफ जनहित याचिका दाखिल कर ध्वनि प्रदूषण के नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। हाईकोर्ट ने गुजरात सरकार समेत सभी पक्षकारों को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई 10 मार्च को मुकर्रर की है। हाईकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका में पेशकश की गई है कि गणेश उत्सव और नवरात्रि महोत्सव के दौरान लाउडस्पीकर उपयोग के नियम हैं। ऐसे नियम मस्जिदों के लाउडस्पीकर के उपयोग के लिए नियम होने चाहिए। याचिकाकर्ता ने मस्जिदों में उपयोग किए जाते लाउडस्पीकरों पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। साथ ही लाउडस्पीकर के वॉल्यूम के बारे में नियम बनाए जाने चाहिए। याचिकाकर्ता का आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश और ध्वनि प्रदूषण नियमों के मुताबिक लाउडस्पीकर का वॉल्यूम 80 डेसिबल से कम होना चाहिए। लेकिन कई मस्जिदों में लाउडस्पीकर 200 डेसिबल से अधिक वॉल्यूम रखा जाता है। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के समक्ष पेशकश की है कि मस्जिदों में लाउडस्पीकर से होनेवाले अजान दिन में पांच दफा होती है। लाउडस्पीकर की तेज आवाज से ध्वनि प्रदूषण होता है, जिससे वरिष्ठ नागरिक और गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी होती है। ध्वनि प्रदूषण के कारण मानसिक और शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं। इस प्रकार लाउडस्पीकर के उपयोग के लिए जिला कलेक्टर की मंजूरी लेने का प्रावधान होने के बावजूद इसका पालन नहीं किया जाता। गुजरात हाईकोर्ट ने इस संदर्भ में राज्य सरकार समेत सभी पक्षों को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई 10 मार्च को सुनिश्चित की है।

# 'आप' के बाद अब कांग्रेस में मची भगदड़, 200 से ज्यादा और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

अहमदाबाद (ईएमएस)। गुजरात विधानसभा चुनाव के आडे 10 महीने शेष हैं और उससे पहले कांग्रेस में भगदड़ मच गई है। पहले आम आदमी पार्टी के सूरत से 6 नगर पार्षद भाजपा में शामिल हुए। अब पीढियों से जुड़े कांग्रेसी पार्टी से पल्ला झाड रहे हैं। आज मेहसाणा जिले के 200 से भी ज्यादा कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं ने भाजपा का भगवा धारण कर लिया। मेहसाला जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं का प्रदेश भाजपा मुख्यालय कमलम में पार्टी के महासचिव रजनी पटेल, गोरधन झडफिया ने स्वागत किया। आज मेहसाणा जिला कांग्रेस के पूर्व प्रमुख राजुभा दरबार, बेचराजी तहसील कांग्रेस प्रमुख वाघुभा जाडेजा, बेचराजी तहसील पंचायत के पूर्व प्रमुख रणभा समेत 205 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जॉइन कर ली। मांडल तहसील के नेताओं ने भाजपा का भगवा धारण किया। भाजपा में शामिल होनेवाले कार्यकर्ताओं के परिवार पिछली दो-तीन पीढ़ियों से कांग्रेस से जुड़े थे, लेकिन कांग्रेस लगातार बढ़ती गुटबंदी, असंतोष और अवगणना के कारण पार्टी छोड़ने का फैसला किया। एक ओर कांग्रेस और आप आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में व्यस्त हैं, दूसरी ओर नाराज नेता और कार्यकर्ता पार्टी को अलविदा कर रहे हैं। यह आलम तब है जब विधानसभा के आड़े कम से कम 10 महीने का समय है।

# सड़क दुर्घटना में शहीद हुए पुलिस जवानों को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम बिदाई

भावनगर (ईएमएस)। राजस्थान के शाहपुर के निकट सड़क दुर्घटना में शहीद हुए भावनगर के चार पुलिस जवानों को आज गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम बिदाई दी गई। इस मौके पर राज्य के पुलिस महानिदेशक आशीष भाटिया समेत वरिष्ठ अधिकारी और जवानों समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें। बता दें कि 14 फरवरी की रात गुजरात पुलिस दिल्ली से एक आरोपी को लेकर भावनगर लौट रही थी। उस वक्त राजस्थान में दिल्ली-जयपुर रोड पर शाहपुरा के निकट कार पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार कांस्टेबल समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतक कांस्टेबलों भीखुभाई बुकेरा, शक्तिसिंह गोहिल, मनसुख बलधिया और इरफान अगवान के साथ ही आरोपी की भी मौत हो गई थी। दुर्घटना में शहीद हुए चारों कांस्टेबलों के पार्थिव शरीर भावनगर लाने के लिए राज्य सरकार की ओर से विशेष प्लेन की व्यवस्था की गई थी। 3 प्लेन में चारों जवानों के पार्थिव देह रात 11 बजे भावनगर लाए गए। जहां उन्हें धर्म रथ में पूरे सम्मान के साथ भावनगर पुलिस परेड ग्राउंड लाया गया। जवानों को श्रद्धांजलि देने गुजरात के पुलिस महानिदेशक आशीष भाटिया भी भावनगर पहुंचे। डीजीपी समेत आईजी, एसपी, एएसपी, पीआई, पीएसआई समेत अधिकारी और राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी शहीद कांस्टेबलों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर डीजीपी आशीष भाटिया ने शहीद जवानों के परिवार को सरकार और पुलिस विभाग की ओर से मिलने योग्य सहायता का ऐलान किया। जिसमें रु. 2.50 लाख की त्वरित सहायता का चेक डीजीपी ने शहीद जवानों के परिवार को अर्पण किया। मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक जवान के परिवार को रु. 4-4 लाख की सहायता, हेड कांस्टेबल मनसुख काबाभाई बालधिया को इंश्योरंस समेत रु. 1.35 लाख और अन्य तीन को रु. 55 लाख, रु. 10-10 लाख पुलिस वेल्फेयर फंड से, रु. 10-10 लाख सेंट्रल वेल्फेयर फंड से देने की घोषणा आशीष भाटिया ने की है।

# जमालपुर में पेट्रोल पंप पर भीषण आग लगी

अहमदाबाद, १६ फरवरी।

जमालपुर चार रास्ते के पास स्थित पेट्रोल पंप पर भीषण आग लगी थी, इतना ही नहीं आग लगने के बाद यहां जोरदार ब्लास्ट हुआ था।

यह विस्फोट का आवाज एक किलोमीटर दूर तक सुना गया। आग लगने पर और विस्फोट होने पर पूरे क्षेत्र में भारी अफरातफरी मच गई। घटना की जानकारी फायर विभाग को दी गई थी। जिसके बाद फायर विभाग का काफिला घटनास्थल पर पहुंच गया। फायर विभाग ने यहां पानी का छिड़काव करके आग को काबू में लिया। महत्वपूर्ण है कि, पेट्रोल पंप पर आग लगने पर ट्रक भी आग की चपेट में आ गई थी। हालांकि, फायर विभाग ने आग को काबू में लेने पर लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि, आग किस वजह से लगी यह अभी तक मालूम नहीं हो सका। इस मामले में यह जानकारी है कि, अहमदाबाद के भीड़भाड़ वाला जमालपुर चार रास्ते के पास एक पेट्रोल पंप स्थित है। देर शाम को यह पेट्रोल पंप र किसी वजह से भीषण आग लगी थी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। यह आग में पेट्रोल पंप पर खड़ी ट्रक भी इसकी चपेट में आ गई थी। जिसके बाद ट्रक भी जलने लगी थी। आग लगने पर पेट्रोल पंप पर अफरातफरी मच गई थी। आग लगने की कुछ देर के बाद यहां जोरदार ब्लास्ट हुआ था। यह ब्लास्ट इतना जोरदार था कि एक किलोमीटर दूर तक इसका आवाज लोगों ने सुना। आवाज सुनकर लोगों में भय देखने को मिला। आग की जानकारी फायर विभाग और पुलिस को दी गई थी। इसके बाद फायर विभाग का काफिला और पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई थी। फायर विभाग ने लगातार पानी का छिड़काव करके काफी प्रयास के बाद आग को काबू में लिया। हालांकि, यह आग किस वजह से लगी यह अभी तक मालूम नहीं हो सका। आग लगने पर आसपास के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गये।

# गुजरात हाईकोर्ट ने माना विवाहेत्तर संबंध अनैतिक नहीं

## एक पुलिसकर्मी को एक विधवा महिला के साथ संबंध रखने के कारण नौकरी से हटा दिया गया था

अहमदाबाद, १६ फरवरी।

उच्च न्यायालय ने पुलिस रुल बुक के अनुसार वैवाहिक संबंधों को अनैतिक नहीं माना है। गुजरात के एक पुलिसकर्मी को एक विधवा महिला के साथ संबंध रखने के कारण नौकरी से हटा दिया गया था। उच्च न्यायालय ने पुलिसकर्मी के निलंबन आदेश को खारिज करते हुए उसे वापस सेवा में लेने तथा २५फीसदी भत्ता देने का आदेश दिया है। पुलिसकर्मी ने अहमदाबाद के शाहीबाग में स्थित पुलिस आवास को छोड़ दिया था तथा अपने परिवार के साथ दूसरे मकान में रहने के लिए चला गया जहां उसने एक विधवा महिला को अपने साथ रख लिया था। विधवा महिला के परिवार वालों ने सरकारी क्वार्टर के पास सीसीटीवी कैमरे लगा दिए थे जब उन्हें उनके संबंधों के बारे में जानकारी मिली। कॉन्स्टेबल के खिलाफ सबूत मिले के बाद उस महिला की फैमिली ने २०१२ में पुलिस विभाग में उसकी शिकायत कर दी थी। विभाग ने पुलिसकर्मी को एक नोटिस जारी कर उसके खिलाफ जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस विभाग ने महिला की सुरक्षा तथा पुलिस विभाग के नियमों के मुताबिक इसे नैतिक रूप से गलत मानते हुए पुलिसकर्मी को २०१३ में नौकरी से हटा दिया। पुलिसकर्मी के व्यवहार को विभाग ने गंभीरता से लिया तथा पुलिस के सार्वजनिक व्यवहार के संदर्भ में इसे विश्वास भंग करने वाला माना। गुजरात उच्च न्यायालय ने याचिका पर सुनवाई करते हुए माना कि पुलिसकर्मी ने उक्त महिला का किसी भी तरह से शोषण नहीं किया है।

गुजरात पुलिस कंडक्ट रूल्स १९७१ के मुताबिक पुलिसकर्मी का व्यवहार समाज विरोधी तथा अनैतिक नहीं माना जा सकता है। न्यायाधीश संगीता विशेन ने अदालत के अन्य कई फैसले तथा उच्चतम न्यायालय के एडल्टरी के संबंध में दिए गये मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग का आदेश खारिज करते हुए पुलिसकर्मी को मुआवजे के साथ पुनः नौकरी देने के आदेश जारी किए।

# गुजरात में लगातार दूसरे दिन एक हजार से कम नए केस, 2688 हुए ठीक, 13 मरीजों की मौत

अहमदाबाद (ईएमएस)। गुजरात में कोरोना के दैनिक केसों में लगातार कमी आ रही है। आज लगातार दूसरे दिन राज्य में एक हजार से भी कम केस दर्ज हुए हैं। वहीं 2688 लोगों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया, जबकि 13 मरीजों की कोरोना से मौत हो गई। राज्य में कोरोना से स्वस्थ होने का दर भी 98.34 प्रतिशत हो गया है। दूसरी ओर राज्य में टीकाकरण अभियान मजबूती के साथ जारी है और इसके अंतर्गत आज 1.68 लाख से ज्यादा नागरिकों को वैक्सीनेशन किया गया। पिछले 24 घंटों में राज्य सबसे अधिक अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में 304 नए मामले सामने आए, वहीं 3 मरीजों की मौत हो गई। जबकि 968 लोग ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किए गए। वडोदरा कॉर्पोरेशन में 158 नए केस दर्ज हुए। जबकि 5 मरीजों की मौत हो गई और 466 लोग ठीक होकर अपने घर लौट गए। पिछले 24 घंटों में 5 महानगर और 32 जिलों में कोरोना के 1 से 44 मामले दर्ज हुए। जबकि जूनानगर कॉर्पोरेशन और पोरबंदर जिले में कोरोना का एक भी मामला सामने नहीं आया। राज्य में कोरोना से सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 9378 रह गई है। जिसमें 9308 स्टेबल हैं और 70 मरीज वेन्टीलेटर पर हैं। राज्य में अब तक कुल 1197983 नागरिक कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि 10851 मरीजों की मौत हो चुकी है। दूसरी ओर बुधवार को राज्य में 168132 नागरिकों का टीकाकरण किया गया। जिसमें 20 हेल्थ केयर वर्कर और फ्रंट लाइन वर्कर को पहला और 106 को दूसरा डोज दिया गया। 45 वर्ष से अधिक आयु के 2335 को पहला और 10698 नागरिकों को दूसरा टीका लगाया गया। 18 से 45 वर्ष आयु समूह के 12293 को कोरोना का पहला और 51923 लोगों को दूसरा डोज दिया गया। 15 से 18 वर्षीय 11423 किशोरों को कोविड की पहली और 54559 को दूसरी वैक्सीन लगाई गई। जबकि 24775 को बूस्टर डोज दिया गया। राज्य में अब तक कुल 101563087 नागरिकों को वैक्सीनेट किया जा चुका है।

# सभी समाज एक बनकर विकास की राह पर एक साथ आगे बढ़ें: मुख्यमंत्री

- संत श्री रोहिदास जयंती उत्सव में सहभागी बने भूपेंद्र पटेल

अहमदाबाद (ईएमएस)। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बुधवार को गांधीनगर में संत श्री रोहिदास की 645वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए साफ तौर पर कहा कि राज्य सरकार इस बात को लेकर कटिबद्ध है कि सभी समाज एक बनकर विकास की राह पर एक साथ आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी समाज के बहुआयामी विकास के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। राज्य सरकार शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के लिए उनके साथ खड़ी है। शिक्षा के जरिए ही समाज-समाज के बीच का अंतर कम होगा और एक समरस राष्ट्र की संकल्पना साकार होगी। उन्होंने कहा कि संत श्री रोहिदास जी ने प्रत्येक समाज को एकजुट करने और कुरिवाजों से बाहर निकालने के लिए अथक प्रयास किए हैं। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास' में भी संत रोहिदास जी के विचारों का प्रतिबिंब झलकता है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री आत्मारामभाई परमार, गांधीनगर के महापौर हितेशभाई मकवाणा, विधायक सीजे चावड़ा और संत रोहिदास समाज के लोग उपस्थित थे।

# स्कूल-कालेज और कोचिंग क्लास के आसपास अकारण घूमने वालों की अब खैर नहीं

सूरत (ईएमएस)। शहर के स्कूल-कॉलेज समेत कोचिंग क्लास के आसपास बेवजह मटरगस्ती करने वाले शख्सों की अब खैर नहीं है। 13 दिनों के भीतर सूरत में 7 हत्याओं के बाद हरकत में आई पुलिस ने शहर की शैक्षिक संस्थाओं के आसपास बेवजह घूमने या बैठने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सूरत में ग्रीष्मा वेकरिया हत्या कांड के बाद पुलिस ने नई अधिसूचना जारी की है। जिसके मुताबिक स्कूल, कॉलेज और टयूशन क्लास के बाहर कोई भी शख्स के बगैर किसी कारण बैठने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अधिसूचना का का उल्लंघन करने वाले शख्स के खिलाफ दंडनीय कार्यवाही की जाएगी। पुलिस आयुक्त का यह आदेश आगामी 17 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। अन्य एक अधिसूचना में रेस्टोरंट की आड़ में चल रहे कपल बॉक्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कॉफी शोप, होटल और काफे में कपल बॉक्स की सुविधा पर रोक लगा दी गई है। इन सभी स्थलों पर स्पष्ट तौर पर दिखाई दे ऐसी सीट व्यवस्था करने का आदेश दिया गया है। साथ ही ऐसे स्थलों पर अश्लील कृत्य, नशीले द्रव्यों के सेवन की रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का फरमार पुलिस आयुक्त अजय तोमर ने जारी किया है। पुलिस आयुक्त अजय तोमर के मुताबिक प्रत्येक पुलिस थाने में महिलाओं को विशेष समय दिया जाएगा और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान का प्रयास किया जाएगा। शाम 5 से 6 बजे के दौरान प्रत्येक पुलिस थाने में पुलिस निरीक्षक महिलाओं से मिलेंगे और उनकी समस्या सुनकर उसे जल्द से जल्द हल करने की कोशिश करेंगे। लड़कियों को परेशान करने के मामलों में डीसीपी और एसीपी मोनिटरींग करेंगे।

# हार्दिक सरकार के मंत्री के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहते हैं

# पाटीदार नेता हार्दिक ने खटखटाया गुजरात हाईकोर्ट का दरवाजा

अहमदाबाद, १६ फरवरी।

पाटीदार नेता हार्दिक पटेल ने आरक्षण आंदोलन के दौरान विधायक के कार्यालय में तोड़फोड़ व आगजनी के मामले में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हार्दिक साल के अंत में सरकार के मंत्री के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं। गुजरात उच्च न्यायालय ने याचिका दाखिल कर हार्दिक के वकील ने अदालत से विसनगर की २०१५ की घटना को लेकर निचली अदालत की ओर से दोषी माने जाने को निरस्त करने की मांग की गई है। न्यायाधीश बी एन कारिया इस मामले की सुनवाई २८ फरवरी को करेंगे। आरक्षण आंदोलन के दौरान भाजपा विधायक के कार्यालय में तोड़फोड़ व आगजनी के मामले में विसनगर सत्र अदालत ने हार्दिक को जुलाई २०१८ में दो साल की सजा सुनाई थी, बाद में हार्दिक कांग्रेस में शामिल होकर कार्यकारी अध्यक्ष बन गये। पिछले लोकसभा चुनाव से पहले भी हार्दिक की ओर से ऐसी ही याचिका दाखिल की गई थी। हाईकोर्ट ने सजा के अमल पर रोक लगा दी थी। हार्दिक इस मामले में दोषमुक्ति की मांग कर रहे हैं। चूंकि जनप्रतिनिधी कानून के अनुसार दो साल या इससे अधिक की सजा होने पर कोई भी व्यक्ति विधानसभा तथा लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ सकता है। हार्दिक आगामी विधानसभा चुनाव मोरबी सीट पर प्रदेश के श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री ब्रजेश मेरजा के खिलाफ लड़ना चाहते हैं। मेरजा २०१७ में कांग्रेस के टिकट पर विधायक चुने गये थे लेकिन बाद में दल बदलकर भाजपा के साथ जाकर मंत्री बन गये थे। कोरोना संक्रमण घटने के साथ ही राज्य सरकार ने प्री प्राइमरी स्कूल भी खोलने का फैसला कर लिया लेकिन फायर सेफ्टी बिना संचालित स्कूल तथा अस्पतालों पर अदालत ने कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं।

# वक्तृत्व स्पर्धा में गोडसे को नायक पर विद्यार्थी को प्रथम पुरस्कार, महिला अधिकारी सस्पैंड

वलसाड (ईएमएस)। गांधी के गुजरात में उनके हत्यारे नाथुराम गोडसे को बतौर नायक पेश करनेवाले विद्यार्थी को प्रथम पुरस्कार विजेता घोषित किया गया है। वलसाड के कुसुम विद्यालय में पिछले सोमवार को वक्तृत्व स्पर्धा का आयोजन किया गया है। बाल प्रतिभा स्पर्धा के तहत आयोजित वक्तृत्व स्पर्धा में स्थानीय सरकारी कचहरी की ओर से 'मने तो आकाशमां उडतु पक्षी ज गमे..', 'वैज्ञानिक बनीश, पण अमेरिका नही जाऊं..' और 'मारो आदर्श – नाथुराम गोडसे' विषय तय किए गए थे। खेल-कूद विभाग की स्थानीय कचहरी की ओर तय किए गए विषयों में से 'मारो आदर्श नाथुराम गोडसे' पर वक्तृत्व देनेवाले बच्चे को विजेता घोषित किया गया। जिसे लेकर बवाल मच गया और आनन फानन में वलसाड जिला खेल-कूद अधिकारी मीता गवली को सस्पैंड कर दिया गया है। विवाद सामने आने पर गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने मामले की जांच के आदेश देते हुए जिम्मेदार के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया है। बताया जाता है कि बाल प्रतिभा स्पर्धा के अंतर्गत आयोजित वक्तृत्व स्पर्धा में विषय और प्राथमिक स्कूल के 7 से 12 वर्षीय बच्चे स्थानीय कचहरी की ओर से तय किए गए थे। दूसरी ओर कुसुम विद्यालय की संचालिका अर्चना देसाई ने बताया कि वक्तृत्व स्पर्धा का पूरा आयोजन खेल विभाग की स्थानीय कचहरी की ओर से किया गया था। स्पर्धा के लिए केवल स्कूल की जगह दी गई थी। विषय का चयन भी सरकारी कचहरी की ओर से किया गया था और इस बारे में स्कूल को कोई जानकारी नहीं दी गई थी। अर्चना देसाई के मुताबिक एक दिन पहले ही स्पर्धकों को विषय के बारे में जानकारी दी गई थी। सरकारी कचहरी से आदेश मिलने के बाद स्कूल संचालक को उसका केवल अमल और सहयोग करना होता। इस में स्कूल प्रबंधन ने बतौर निर्णायक के तौर पर कोई फैसला नहीं किया। दूसरी ओर विवाद बढ़ने के बाद वलसाड जिला खेल अधिकारी मीता गवली को सस्पैंड कर दिया गया है और गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने मामले की जांच के आदेश भी दे दिए हैं।

# मामूली बात पर भाई ने बहन पर किया तीक्ष्ण हथियार से हमला, पुलिस ने किया गिरफ्तार

सूरत (ईएमएस)। गत रविवार को सूरत में एकतरफा प्यार में पागल एक युवक ने युवती की सरेआम गला रेत हत्या कर दी थी। इस घटना में बहन को बचाने का प्रयास में भाई बुरी तरह घायल हो गया था। इस घटना के दूसरे दिन मामूली बात पर एक भाई ने अपनी बहन पर तीक्ष्ण हथियार से हमला कर दिया। सूरत के कामरेज में यह घटना 14 फरवरी की है। घर में भोजन और सफाई को लेकर भाई-बहन के बीच मामूली तकरार हुई थी। जो इतनी बढ़ गई कि भाई ने आवेश में आकर अपनी बहन पर तीक्ष्ण हथिया से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसक उपचार चल रहा है। कामरेज पुलिस ने युवती के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू की है। बता दें कि गत रविवार को सूरत के पासोदरा में ग्रीष्मा नामक एक युवती की सरेआम गला रेत कर फेनिल नामक शख्स ने हत्या कर दी। युवती के भाई और चाचा ने उसे बचाने का प्रयास किया था, लेकिन फेनिल दोनों पर तीक्ष्ण हथियार से हमला कर घायल दिया था। जिसके बाद शख्स ने हाथ की नसें काट कर आत्महत्या का प्रयास किया था। बीते दिन यानी घटना के तीन दिन बाद ग्रीष्मा का अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# 25 फरवरी 2022 से राजकोट मंडल के सिंधावदर-कनकोट सेक्शन के बीच स्थित रेलवे फाटक नंबर 101 स्थाई रूप से बंद होगा

पश्चिम रेलवे के राजकोट मंडल पर सिंधावदर-कनकोट सेक्शन के बीच स्थित रेलवे फाटक नंबर 101, सिंधावदर, तालुका-वांकानेर जिला मोरबी, सुरेंद्रनगर-राजकोट दोहरीकरण कार्य हेतु दिनांक 25 फरवरी 2022 से स्थाई रूप से बंद हो जाएगा।

सड़क यातायात को नवनिर्मित रोड अंडर ब्रिज **(RUB)** नंबर 100 (सिंधावदर स्टेशन के समीप) से डायवर्ट किया जायेगा।

# हरित गतिशीलता की एक अनूठी पहल, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रिक वाहन पार्किंग एवं चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन

अहमदाबाद (ईएमएस)। पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल पर आज 16 फरवरी 2022 को अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त संजय श्रीवास्तव ने संयुक्त पुलिस आयुक्त एम ए चावड़ा और अहमदाबाद मंडल रेल प्रबंधक तरुण जैन की उपस्थिति में हरित गतिशीलता की एक अनूठी पहल, इलेक्ट्रिक वाहन पार्किंग एवं चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। बजट प्रस्तावों के अनुरूप और विजन के अन्तर्गत अहमदाबाद मंडल इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्किंग और चार्जिंग प्वाइंट स्थापित करने के लिए रेलवे स्टेशन भूमि पार्सल और परिसर का उपयोग करने में अग्रणी है। यह रेल मंत्रालय द्वारा अपने राजस्व में विविधता लाने की एक पहल है। इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का प्रावधान और एक स्व-चालित/चालक सहित इलेक्ट्रिक वाहन को किराए पर लेना नई इनोवेट गैर-किराया राजस्व विचार योजना (एनआईएनएफआरआईएस) नीति के तहत किया जाता है। अहमदाबाद मण्डल पर कुल 5 स्टेशनों पर अहमदाबाद, आम्बली रोड (बोपल), साबरमती, चांदलोडिया और गांधीनगर स्टेशनों पर यह सुविधा शुरू की जा रही हैं। ईवी कार के लिए बुकिंग सुविधा के साथ इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर की सुविधा अहमदाबाद, आम्बली रोड (बोपल), साबरमती में उपलब्ध है। आने वाले दिनों में चांदलोदिया रेलवे स्टेशन पर यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। तथा गांधीनगर कैपिटल रेलवे स्टेशन पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक बुकिंग प्वाइंट की भी योजना है, जो आने वाले दिनों में शुरू हो जाएगी। इस अनुबंध से रेलवे को ?10.52 लाख प्रति वर्ष का गैर-किराया राजस्व की प्राप्ति होगी। चालक/स्वचालित इलेक्ट्रिक व्हीकल के साथ ईवी चार्जर्स का संयुक्त अनुबंध भारतीय रेलवे नेटवर्क की अपनी तरह की पहली अवधारणा है।

# बीएसएच होम अप्लायंसेस ने नई, खूबसूरत, मेड इन इंडिया वॉशिंग मशीन : बॉश टॉप लोड के साथ मास सेगमेंट में पहुंच मजबूत की

नेशनल, 16 फरवरी, 2022: यूरोप के सबसे बड़े होम अप्लायंसेस निर्माता और दुनिया की अग्रणी कंपनियों में से एक, बीएसएच होम अप्लायंसेस ने फुली ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीन की अपनी नई श्रृंखला – बॉश टॉप लोड के लॉन्च की घोषणा की। भारतीय उपभोक्ताओं की गहरी समझ के आधार पर उच्च गुणवत्ता की ये वॉशिंग मशीन फैशन एवं फैब्रिक के लिए सतर्क उपभोक्ताओं को आसानी, सुविधा व दाग धोने की उत्तम क्षमता के साथ कपड़ों की ऐसी गुणवत्ता प्रदान करती है, जैसे वो हाथ से धोए गए हों। ये वॉशिंग मशीन खूबसूरती से डिज़ाईन की गई हैं, ताकि आधुनिक भारतीय घरों के लिए प्रीमियम लुक मिल सके।

इस लॉन्च के बारे में नीरज बहल, एमडी एवं सीईओ, बीएसएच होम अप्लायंसेस ने कहा, "टॉप लोड भारत का एक महत्वपूर्ण सेगमेंट है और हमें ऐसा उत्पाद प्रस्तुत करने की खुशी है, जो अपने काम व खूबसूरती, दोनों मामलों में उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं को पूरा करता हो। बॉश टॉप लोड खास इसलिए है क्योंकि यह भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को गहराई से समझते हुए भारत में बनाई गई है। हमने विचारशील रहते हुए ग्राहकों पर केंद्रित डिज़ाईन और विकास की प्रक्रिया अपनाई और ऐसी विशेषताएं प्रस्तुत कीं, जिनसे एक तरफ महंगे और फैशन के रोजमर्रा के कपड़ों को शून्य क्षति पहुंचती है, तो दूसरी तरफ ये वॉशिंग मशीन टेक्नॉलॉजी के मामले में स्मार्ट रहते हुए समय की बचत करती हैं और आधुनिक भारतीय घरों की खूबसूरती भी बढ़ाती हैं।

# विश्वास, भक्ति और आनंद पर आधारित मुंबई में आयोजित महाराष्ट्र का 55th निरंकारी संत समागम संपन'

अहमदाबाद ता. 15.02.2022: सतगुरु सुदिक्षाजी महाराज के पावन सानिध्य में महाराष्ट्र का 55वा त्रि-दिवसीय वार्षिक संत समागम चेम्बूर में ता. 11, 12, और 13 फरवरी 2022 हुआ जिस का समापन 14.02.2022 के दिन गुरुपूजा साथ हुआ। इस समागम का जीवन्त प्रसारण इन्टरनेट के माध्यम से संत निरंकारी "ंगू से एवम साधना ऊ चेंनल पर किया गया। विश्वभर के श्रद्धालु भक्तो ने घर बेठे इस का भरपूर आनंद प्राप्त किया।

'संतों के हृदय में सदैव ही सर्वत्र का भला करने का भाव रहता है एवं उनका परम धर्म मानवता की सेवा करना ही होता है।" उक्त उद्गार सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने 11 फरवरी को महाराष्ट्र के तीन दिवसीय 55वें वार्शिक निरंकारी संत समागम का विधिवत् षुभारम्भ करते हुए मानवता के नाम प्रेशित अपने संदेष में व्यक्त किए।

चेंबूर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन से इस संत समागम का सीधा प्रसारण किया जा रहा है, जिसका आनंद घर बैठे हुए लाखों निरंकारी श्रद्धालु भक्तों एवं प्रभु प्रेमी जनों द्वारा मिषन की वेबसाईट एवं साधना टी.वी. चैनल के माध्यम से लिया जा रहा है।

सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के प्रति प्रेम, दया, करूणा, सहनषीलता का भाव मन में अपनायें जिससे कि इस संसार को स्वर्गमय बनाया जा सके। सत्गुरू माता जी ने आगे कहा कि हमें अच्छे गुणों का आरंभ स्वयं से करते हुए इसे अपने घर–परिवार, मोहल्ले, षहर, देष एवं समस्त विष्व के लिए करना चाहिए, जिससे कि इस संसार को वास्तविक रूप में दिव्य गुणों एवं कर्मो द्वारा महकाया जा सके।

समागम के प्रथम दिवस (11.02.2022) के अंशः

अपरिवर्तनशील परमात्मा पर विश्वास करें

समागम के प्रथम दिन के सत्संग समारोह के समापन पर विष्वभर के श्रद्धालु भक्तों को अपना आषीर्वाद प्रदान करते हुए सत्गुरू माता जी ने कहा कि विश्वास जब तक मन में न हो तब तक भक्ति संभव नहीं। अतः हमें क्षणभंगुर रहने वाली वस्तुओं पर विष्वास न करके वास्तविक रूप में स्थायी रहने वाले इस निरंकार पर विष्वास करना चाहिएय जिसका अस्तित्व षाष्वत एवं अनंत है। प्रार्थना एवं अरदास हमारी भक्ति को और परिपक्व बनाती हैंय फिर जीवन के उतार चढ़ाव हमारे मन को प्रभावित नहीं करते।

# केएलएम एक्सिवा फिनवेस्ट लिमिटेड का सिक्योर्ड, रिडीमेबल, नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स वाला पब्लिक इश्यू

मुंबई, 15 फरवरी, 2022: केएलएम एक्सिवा फिनवेस्ट लिमिटेड (ठकंपनीठ) द्वारा ?1,000 प्रत्येक (एनसीडी) की फेस वैल्यू वाले सिक्योर्ड, रिडीमेबल, नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स का पब्लिक इश्यू, जो कि कुल ? 10,000 लाख तक के समतुल्य है और जिसमें ? 10,000 तक का सब्सक्रिप्शन बरकरार रखने का विकल्प मौजूद है, आज खोल दिया गया है। इस प्रकार से यह (ठइश्यूठ) कुल ? 20,000 लाख मूल्य का सार्वजनिक निर्गम बन गया है। कंपनी एक गैर-डिपॉजिट वाली व्यवस्थागत रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग फाइनैंस कंपनी (ठएनबीएफसीठ) है, जो मुख्य रूप से निम्न व मध्यम आय के व्यक्तियों तथा उन छोटे-मोटे कारोबारों को अपनी सेवाएं प्रदान करती है, जिनकी औपचारिक बैंकिंग या वित्त चैनलों तक पहुंच सीमित है या फिर उनकी कोई पहुंच ही नहीं है।

यह इश्यू मंगलवार, 15 फरवरी, 2022 को सबस्क्रिप्शन के लिए खुल चुका है और शुक्रवार, 11 मार्च, 2022 को बंद हो जाएगा। विवरो फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू की लीड मैनेजर है तथा विस्त्रा आईटीसीएल (इंडिया) लिमिटेड इश्यू की डिबेंचर ट्रस्टी है। केयर रेटिंग्स लिमिटेड ने इस इश्यू को ''केयर बीबी+; पॉजिटिव (डबल बी प्लस; आउटलुकः पॉजिटिव)'' की रेटिंग दी है। इश्यू के लिए वार्षिक ब्याज दर 9.75इ से 11.25इ तक निर्धारित की गई है तथा यह मासिक, वार्षिक एवं संचयी विकल्पों में 366 दिन, 400 दिन, 18 महीने, 2 साल, 3 साल, 5 साल और 80 महीने की अवधि के लिए उपलब्ध है, ताकि लंबी अवधि में 11.57इ तक का प्रभावी लाभ प्राप्त हो सके।


**पश्चिम रेलवे**

**फाइबर आरमॉर्ड बिछाने और कवच के प्रबंध हेतु**

निविदा संख्या. ईपीसी_डब्ल्यू आर_एसवटी_02 आर दिनांक 15.02.2022 ,**कार्य का नामः** पश्चिम रेलवे के नई दिल्ली–मुम्बई रूट पर वीरार–वड़ोदरा अनुभाग के 336 किमी ऑटोमेटिक ब्लॉक पर गति को 160 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने से संबंधित कार्य में 48 फाइबर आरमॉर्ड ओएफसी (दो मार्गों में) बिछाने और कवच (पूर्व में ट्रेन कॉलिज़न अवॉयडेंस प्रणाली – टीसीएएस के नाम से प्रचलित) के प्रबंध हेतु। **कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1508377916.00, जमा की जाने वाली धरोहर राशि : ₹ 7541900.00/–, ई–निविदा जमा करने और ई–निविदा खोले जाने की तिथि व समय : 10.06.2022 तक और 24.06.2022 को 15.00 बजे वेबसाइट विवरण और सूचना का स्थान जहां पूर्ण विवरण आदि को देखा जा सके : http://www.ireps.gov.in** मुख्य प्रमुख सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, 5वां तल, स्टेशन बिल्डिंग, चर्चगेट, पश्चिम रेलवे, मुम्बई–400020 713

हमें लाईक करें: www.facebook.com/WesternRly


मालिक-मुद्रक- प्रकाशक व संपादकः लक्ष्मीचंद जी. अग्रवाल द्वारा, ब्रिजाशा ऑफसेट, जी.एम. कम्पाउन्ड, सरसपुर, अहमदाबाद -380018 में मुद्रित करवा कर वहीं से प्रकाशित किया। प्रातः कालीन E-mail : janhitaishi@yahoo.co.in फोनः 079-22921482 Mob.9375504122 , 9327086467 R.N.I. 63177/95